

दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल



ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 47 | ग्वालियर मंगलवार 15 नवम्बर 2022 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए


## मुरैना एसपी आशुतोश बागरी की धुआंधार कार्यवाही से अपराधियो में हडकंप

**केशब पंडित जी पत्रकार अम्बाह...**

**मुरैना..।.** एसपी आशुतोश बागरी की ट्रेलर से अपराधिक गति बिधियो में लिप्त कारोबारियो में न केवल हड़कंप मचा है बल्कि दहशत का जबरदस्त आलम है कार्य के प्रति सक्रियता के मामले में मातहत टीम भी उनका बराबर साथ देरही है मुरैना में पदार्पण होते ही अपनी धुआधार कारवाही से उन्हौने अपराध की दुनियॉ में बर्चस्व रखने बालो के चैन की नीद भी उडा दी है कोई कितना बडा आदमी क्यो न हो अगर अपराध करता है तो पुलिसिया गाज जरूर गिरती है मुरैना में पंचायत व नगरी निकाय चुनाव निश्पछ कराने में उनका चम्बल में रिकॉर्ड रहा है यह पहला अबसर है कि मतदाताओ ने कडी पुलिस सुरक्षा ब्यबस्था से मतदाताओ ने अपने मत से मतदान किया है अब लोगो को महसूस होने लगा है कि मुरैना को एक निडर व बैखौफ एसपी मिला है जिसकी उनको एक अर्से से बहुत तलाश थी रही बात स्वभाव से पूरी तरह मिलनसार, ईमानदार, निर्बल गरीब की सहायता करने बाले दवंग एसपी आशुतोष बागरी को मातहत पुलिस कर्मियो के सहयोग से आये रोज किसी न किसी संगीन मामले का सनसनीखेज खुलासा भी कर रहै है चाहे वह अंधी हत्या या नशा कारोबार, जुआ,सट्टा फरार स्थाई बारंन्टी या मैच सट्टा या नशीली दबाओ की अबैध बिक्री का अबैध गौरख धंधा व उनके आने के बाद मुरैना जिले में पहली बार आबाद जुये के अड्डे या यू कहै अबैध ठिकाने भूमिगत होते देखने को मिले खास बात तो यह रही जिले में कही भी बडी से बडी घटने बाली घटना का खुलासा चौबीस घन्टे में होना व अपराधी सलाखो के बीच उनके आने के बाद यह पहला रिकॉर्ड है ऐसी कोई भी घटना नही जो ट्रैस बगैर रही हो ऐसा कोई



अपराध नही है कल्ली व गुड्डा गुर्जर गैग का सफाया उन्ही की देन है श्रेय चाहे भले ही ग्वालियर पुलिस को मिला है परन्तु मुरैना एसपी भी पीछे नही है उनकी पहाड गढ जंगल सर्चिग से गुड्डा गुर्जर के हौसले पस्त होगये और यहॉ से भागने को मजबूर होना पडा उसे मुरैना एसपी का इतना डर भर गया कि मुरैना में जीबित बचना संम्भव है परन्तु ÷जस अप जस बिधि हाथ÷छोटी से छोटी बात उनके दिमाग मे हलचल पैदा करती रहती है अभी उनका एक ही फंन्डा है कि सर्दी आगई अपराध बढने के चॉन्स ज्यादा है सभी प्रभारियो को कडे आदेश के साथ कहा है कि शहर से गॉव तक पैट्रौलिग रोज करे बिना यूनीफॉर्म में न रहै सीएम हैल्पलाइन शिकायते व राजस्व मामलो पर बिशेष ध्यान दे व रोड के किनारे रखी बाजरे की करब जो कि किसान भाइयो की मानसिक पर निरभर है बिना सोचे समझे रोड के किनारे लगा देते है जिनसे आये दिन मौते होरही है मुरैना एसपी के फरमान से पुलिस किसानो को समझाइस देकर करब को हटवा रही है कितना सराहनीय योगदान है मुरैना पुलिस का फिर भी बडे दुर्भाग्य की बात है शर्मनाक बात है कि अपना उल्टा सीधा न करने पर लालची स्वार्थी जो राजनीत के चेहरे की आड में अपना उल्टा सीधा न करने पर सीएम के सामने कलैक्टर तो हट गया एसपी और है ऐसा बोलने को झूठी बाते बोलते धिक्कार है ऐसे लोगो को जो जनता की सुरक्षा की नही अपने अबैध कार्यो में सक्षम न होने पर झूठी शिकायते करते मुरैना की जनता अब उन्है अच्छी तरह पहचान गई है अब आगे दो दो हाथ होजायेगे बुरे का परिणाम बडे बडे धुरंन्धरो को पटखनी देगा यह हम नही मुरैना की जनता कह रही है मुरैना एसपी आसुतोष बागरी को मुरैना की जनता की और से एकबार पुनः धन्यबाद हम मुरैना जिले की जनता को उनसे और अच्छे परिणामो की आशा है जिसके परिणाम बहुत अच्छे रहैगे..

## एटा में सीएमओ के सख्त तेवर धुंआधार छापेमारी

**ब्यूरो सोनू कुमार माथुर**





**एटा ।** जनपद में सीएमओ की सख्ती के बाद जीटीरोड स्थित एक हॉस्पीटल को सीज किया गया जबकि जैथरा इलाके के एक झोलाछाप के यहां स्वास्थ टीम ने छापामार कार्यबाई करते हुये पक?ी भारी मात्रा में स्वास्थ सामिग्री, सूत्रों की मानें तो जनपद में लम्बे समय से चल रहे नियम विरुद्ध नर्सिंगहोम और झोलाछाप डॉक्टरों पर क्रमबद्ध तरीके से छापामार कार्यबाई करने का आदेश सीएमओ उमेश कुमार त्रिपाठी ने सम्बन्धित अधिकारियों को दिये हैं । आदेश मिलते ही हरकत में आई स्वास्थ टीम ने धुंआधार अभियान शुरू कर दिया हैं ।

## आईमाता वडेर भवन में बाल शिक्षा व योग शिविर का हुआ आयोजन




**पुष्पाजंली टुडे/नारायणलाल सेंणचा**

बेंगलूरू रविवार को सीरवी समाज सुकंदकट्टे वडेर परिसर मे षष्ठम् बार बच्चों, बालक ,बालिकाओ के लिए बाल संस्कार ज्ञान शाला व योग का आयोजन किया गया । जिसमें बड़ी संख्या मे बच्चों ,महिलाओं व अभिभावकों व गणमान्य जनो ने भाग लेकर इस कार्यक्रम को सफल बनाया। कर्नाटक सीरवी समाज बैंगलोर से नानकराम परिहार व कमल किशोर काग ने बच्चों को पुस्तकीय संस्कृत ज्ञान व योग के माध्यम से प्राथमिक एवं



आधुनिक विज्ञान की शैली के साथ बच्चों को सही जीवन जीने की कला व्यक्तित्व निर्माण, संस्कारों को जीवन में उपयोगिता एवं महत्व को बताने वाले विभिन्न शिक्षा सूत्रों के माध्यम से योग , पौराणिक शास्त्र व संस्कृत श्लोक का प्रशिक्षण करवाया गया । बच्चों को आईमाताजी के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। पहले सरस्वती वंदना, आई माताजी की वंदना से शुरुआत की गई । इस अवसर पर वडेर के अध्यक्ष रूगाराम चोयल,संरक्षक,इन्दरलाल सोलंकी उपाध्यक्ष लक्ष्मण राम पंवार,सचिव हनुमान राम बर्फा,सत्यनारायण मुलेवा, भँवरलाल गेहलोत, सीरवी समाज बेंगलुरू पश्चिम् सहित सीरवी समाज सुकंदकट्टे बेंगलुरू पश्चिम के कार्य कारिणी सदस्य,व अन्य बुजुर्ग व गणमान्य उपस्थित रहे ।जानकारी भानाराम गेहलोत ने दी।

### राष्ट्रीय बाल दिवस के अवसर पर

## शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पार में नाटक एवं विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया




**रहीश भैया 7869883786**

ग्राम पंचायत पार एवं गांधीपुरा और बन्हेरा में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पर बाल दिवस का आयोजन किया गया । जिसमें महिला बाल विकास विभाग से सुपरवाइजर लक्ष्मी तोमर, ब्रिटानिया न्यूट्रीशन फाउंडेशन से राहुल मौर्य, मनीष शर्मा ने कहा की इस दिन देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू का जन्मदिन हुआ था। बच्चों से प्यार के कारण ही उनकी जयंती को बाल दिवस के तौर पर मनाया जाता है बच्चे अपने देश का भविष्य होते हैं किसी भी देश के विकास के लिए बच्चों का विकास बहुत जरूरी है यह हमारे समाज और देश की जिम्मेदारी है कि बच्चों को रहने योग्य बेहतर माहौल और अच्छी शिक्षा दी जाए। इन भावी प्रतिभाओं के चेहरे पर मुस्कान लाने के लिए भारत हर साल 14 नवंबर को बाल दिवस के तौर पर मनाया जाता है इस मौके पर बच्चो को खास महसूस कराया जाता है इसलिए स्कूल में बच्चों के लिए कई तरह के कार्यक्रम का आयोजन जैसे की सर्वप्रथम सरस्वती पूजा एवं पं. जवाहरलाल नेहरू जी को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई बाल दिवस पर चर्चा नाटक रस्सी कूद भाषण एवं अन्य रगारंग कार्यक्रम हुए इस कार्यक्रम में पंचायत सरपंच पूरन आदिवासी शिक्षा विभाग से प्रदीप शर्मा उनका समस्त स्टाफ, महिला बाल विकास से लक्ष्मी तोमर ,सुमन सूर्यवंशी स्वास्थ्य विभाग से सुशीला दोहरे ब्रिटानिया न्यूट्रीशन फाउंडेशन से ग्राम विकास समन्वय मनीष शर्मा, राहुल मौर्य एरिया कॉऑडिनेटर अनिल मिश्रा, पूरन सिहं राजपूत, पूजा चौरसिया, हर्षिता पाठक, शिवानी पाण्डे, विकास सोनी मीडिया प्रभारी रहीश खान एवं सुपोषण सखी उपस्थित थी

## 66 वी जिला 14 वर्षीय कबड्डी प्रतियोगिता शुरू हुई समेजा कोठी में

**पुष्पांजलि टुडे ।**
**गंगानगर राजस्थान**
**नरेश कुमार सिरवी**

**गंगानगर राजस्थान।** रायसिंहनगर,ग्राम पंचायत समेजा में 66 वी जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय समेजा कोठी में 14 वर्ष जिला प्रतियोगिता कबड्डी का आयोजन किया गया जिसने मुख्य अतिथि महावीर सीआई पुलिस थाना समेजा, गोगा देवी नायक यूथ कांग्रेस प्रदेश सचिव एवं महिला सेवा दल जिला अध्यक्ष श्री गंगानगर, रघुवीर सिंह, दीपेश नायक जिला परिषद डायरेक्टर, राय साहब स्वामी भागीरथ पुनिया एवं श्रीगंगानगर जिले से आई टीम प्रभारी एवं ग्राम पंचायत समिति कोठी समस्त स्टाफ आदि के द्वारा बच्चों को उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए खेल को खेल की भावना से खेलने की प्रेरणा दी सरस्वती पूजा अर्चना करने के बाद खेल की शुरुआत की जिस में समेजा कोठी स्वामी विवेकानंद एवं घढ़साना की टीम शुरुआत हुई जिसमें घढ़साना की टीम विजय हुई लगातार तीन दिन मैच होंगे उसके बाद समापन समारोह पर विजय टीम को पुरस्कार वितरण किए जाएंगे



### बच्चों के प्रति प्यार और सम्मान के प्रतीक बाल दिवस आज

## सीएम एम राइज एकीकृत विद्यालय में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया, थाना प्रभारी ने बच्चों को किया पुरूस्कार वितरण

**पुष्पांजलि न्यूज़ टुडे**
**विवेक सेन पत्रकार**
**इंदरगढ़ से,**

एंकर-14 नवम्बर चाचा नेहरू के जन्मदिवस को वाल दिवस के रूप में इंदरगढ़ नगर के कामद रोड स्थित सी एम राइज एकीकृत विद्यालय में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया,वाल दिवस के अवसर पर प्राइमरी स्कूल में फैंसी ड्रेस कंप्टीशन का आयोजन, माध्यमिक विद्यालय में बच्चो द्वारा खाद्य सामग्री के स्टाल लगा कर वाल मेले का आयोजन किया गया ,और उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में बच्चो द्वारा अपनी क्लासो को सजाकर प्रदर्शनी के रूप में आयोजित किया गया,वाल दिवस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इंदरगढ़ थाना प्रभारी परमानंद शर्मा,और विशिष्ट अतिथि महाविद्यालय प्राचार्य डॉ निलय गोस्वामी रहे, कार्यक्रम में प्रथम,द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चो को थाना प्रभारी परमानंद शर्मा द्वारा शील्ड प्रदान कर बच्चो का मनोबल बढ़ाया गया,थाना प्रभारी शर्मा ने अपने उद्बोधण में कहा आप सभी देश का उज्जवल भविष्य हो,आप सभी को अपने अपने मा बाप के संस्कारों को नहीं भूलना चाहिए,और न ही ऑनलाइन गेम की लत लगानी चाहिए, आप सभी को आज की पश्चात संस्कृति से भी दूर रहना चाहिए,थाना प्रभारी ने सभी छात्रों से अपने आसपास किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना दिखाई दे तो,मुझे तत्काल सूचना दे, ताकि हम उस अप्रिय घटना पर अंकुश लगा सके, कार्यक्रम का संचालन शिक्षक संतोष गुप्ता और आभार सीएम राइज प्राचार्य डॉ महवीर प्रसाद गुप्ता ने किया,कार्यक्रम के अंत में बच्चो को मिष्ठान वितरित किया गया,इस अवसर पर शिक्षक कप्तान सिंह जाटव,महेंद्र शर्मा,जितेन्द्र सिंह जाट,महेश कटारिया, श्रीमती पिस्ता देवी, प्रियंका यादव,कीर्ति तिवारी,ममता सिसोदिया, राजेश खटीक, सियाशरण गुप्ता, गार्ड मोनू यादव सहित विद्यालय में अध्ययनरत छात्र, समस्त शिक्षक व स्टाफ उपस्थित रहा।।

## विश्वकर्मा जन संगठन मध्यप्रदेश के द्वारा ग्वालियर महानगर में दीपावली भव्य मिलन समारोह एवं चल समारोह निकाला गया



**पवन विश्वकर्मा पुष्पांजलि टुडे**

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व राष्टपति स्व,. ज्ञानी जैल के सुपुत्र इंद्रजीत सिंह विश्वकर्मा (रामगढ़िया सरदार )जी एवं दिवाकर विश्वकर्मा फिल्म स्टार, केंद्र मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर जी के सुपुत्र रामू भाई जी एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता की शोभाड्डसतीश सिकरवार महापौर ग्वालियर, विश्वकर्मा जन संगठन मध्य प्रदेश के युवा कार्यकर्ताओं ने तन मन धन लगन से मेहनत करते हुई आज के कार्यक्रम को सफल बनाया

## हर विभाग के भ्रष्टाचार को उजागर किया जाएगा- राजेंद्र सिंह परिहार

**गोहद** युवा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के द्वारा भिंड जिले से राजेंद्र सिंह परिहार को प्रदेश समन्वयक युवा कांग्रेस आरटीआई विभाग मध्यप्रदेश एवं गौरव कोली जिलाध्यक्ष युवा कांग्रेस आरटीआई विभाग भिंड बनाए जाने पर समर्थकों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी समर्थको ने फूल माला मिठाई खिलाकर बधाई दी जिसमें कमल प्रताप सिंह तोमर पार्षद साबू खान कुलदीप सिंह गुर्जर तहसील खान प्रमोद शुक्ला अवध किशोर बंटी गुर्जर मनोज कुमार गुप्ता उदय सिंह परिहार गिर्राज दुबे जीतू श्रीवास अजय माहोर धर्मेंद्र माहौर ज्ञान सिंह माहौर आदि कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया नवनियुक्त बनाए जाने पर विधायक श्री मेवाराम जाटव कांग्रेस जिला अध्यक्ष श्री मान सिंह कुशवाहा पूर्व लोकसभा प्रत्याशी श्री देवाशीश जरारिया इफको डायरेक्टर श्री अमित प्रताप सिंह सेवादल जिला अध्यक्ष संदीप मिश्रा हरीश शुक्ला जावेद पठान अरविंद कुशवाहा अमित कुशवाहा धर्मवीर सगर विजय राठौर राजू राठौर उदय परिहार योगेश परिहार आदि कार्यकर्ताओं ने बधाई दीपदाधिकारियों ने सभी का स्वागत के लिए धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया कहा कि जो जिम्मेदारी मिली है इसके लिए मध्यप्रदेश युवक कांग्रेस के ऋन्नढ्ढ (सूचना के अधिकार ) की प्रदेश अध्यक्षा बहन सुश्री शाम्भवी शुक्ला जी का बहुत-बहुत धन्यवाद एवं आभार हमें जो जिम्मेदारी देने के लिए मिली जिम्मेदारी को हम पूर्ण रूप से ईमानदारी से निष्ठावान कर्तव्य से जिम्मेदारी से निर्वाहन कार्य करूंगा करवाना

**हर विभाग का करेंगे भ्रष्टाचार उजागर–**

युवा कांग्रेस आरटीआई विभाग मध्य प्रदेश के प्रदेश समन्वयक बनाए गए राजेंद्र परिहार ने बताया कि प्रदेश के वरिष्ठ पदाधिकारियों के द्वारा हम पर जो विश्वास कर हमें जो दायित्व सौंपा गया है उसको मैं पूर्ण जिम्मेदारी के साथ निभाते हुए विभागों में हो रहे भ्रष्टाचार को हर हाल में उजागर करूंगा चाहे वह कोई भी विभाग हो किसी भी हालत में भ्रष्टाचारियों को छोड़ा नहीं जाएगा

# खनिज साधन मंत्री की अध्यक्षता में पेयजल समस्या के समाधान के लिए हुई समीक्षा बैठक

## जनप्रतिनिधियों से चर्चा कर दिए आवश्यक निर्देश

**पन्ना।** खनिज साधन एवं श्रम मंत्री श्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा है कि आगामी ग्रीष्म ऋतु के पहले शहर में पेयजल समस्या के स्थायी समाधान के लिए सभी जरूरी प्रयास किए जाएंगे। मंत्री श्री सिंह सोमवार को कलेक्टर कार्यालय के सभागार में पेयजल समस्या निराकरण के लिए आयोजित समीक्षा बैठक में शामिल हुए। इस अवसर पर कलेक्टर श्री संजय कुमार मिश्र, नपाध्यक्ष श्रीमती मीना पाण्डेय, नपा उपाध्यक्ष श्रीमती आशा गुप्ता सहित विभिन्न वार्डों के पार्षदगण और संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।खनिज मंत्री श्री सिंह ने कहा कि आगामी लगभग 2 वर्ष में अमृत 2.0 योजना के क्रियान्वयन से पानी की बेहतर उपलब्धता सुनिश्चित हो सकेगी। इसके पहले निर्माणाधीन किलकिला फीडर के पूर्ण होने पर नगरवासियों की पानी की समस्या का निराकरण किया जाएगा। उन्होंने परियोजना के निर्माण से वृहद रूप से प्रभावित परिवारों को चिन्हांकित स्थल पर विस्थापन के निर्देश दिए। इस संबंध में बैठक में उपस्थित पार्षदों से सुझाव प्राप्त कर चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि पारदर्शिता के साथ जरूरी सर्वे कार्य और विस्थापन का कार्य पूर्ण किया जाए। संबंधित अधिकारियों को विस्थापन स्थल का मुआयना करने और प्रभावित घरों के चिन्हांकन के लिए नगर पालिका, जल संसाधन विभाग, बिजली कंपनी के अधिकारियों और तहसीलदार की सर्वे टीम गठित करने के लिए निर्देशित किया गया। इसके साथ ही सभी पार्षदों से भी सर्वे कार्य में सहयोग की अपेक्षा की गई। मंत्री श्री सिंह ने कहा कि पानी की समस्या के समाधान के लिए किलकिला फीडर के निर्माणाधीन कार्य के दौरान किसी भी गरीब व्यक्ति को अनावश्यक रूप से परेशान न करें। साथ ही बेहतर पुनर्वास सुनिश्चित कर विस्थापितों को अवगत भी कराएं। बताया गया कि पहले चरण में किलकिला से धरम सागर तालाब तक कार्य पूर्ण किया जाएगा। प्राथमिकता के साथ एक सप्ताह में सर्वे कार्य पूर्ण कर विस्थापितों के लिए जमीन आवंटन की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।मंत्री श्री सिंह ने कहा कि नगर पालिका परिषद पन्ना के नवीन वार्डों में पानी के लिए पाइपलाइन बिछाने के कार्य में तेजी लाएं। साथ ही पुराने वार्डों में भी पाइपलाइन के छूटे कार्यों का सर्वे करवाएं। जल स्त्रोतों के मरम्मत, साफ-सफाई, नवीन नल कनेक्शन के संबंध में जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शहर के प्रत्येक मोहल्ले में पानी पहुंचाने का प्रयास किया जाए। नई परियोजना के डीपीआर तैयार करने, आवश्यकता अनुसार पुराने कुओं और बाव?ी में मोटर स्थापित करने, नये कार्यों का प्रस्ताव प्रस्तुत करने, वार्डों में वसूली कैंप और जनसमस्या निवारण शिविर के आयोजन के लिए भी आवश्यक निर्देश दिए गए। मंत्री ने अमृत 2.0 परियोजना के तहत प्रस्तावित कार्यों की जानकारी भी ली। उन्होंने कहा कि नगर में स्ट्रीट लाइट की उचित व्यवस्था और सौन्दर्यीकरण के लिए भी कार्य करें। पन्ना को सुन्दर व स्वच्छ शहर बनाने के लिए सभी से सहयोग का आग्रह किया गया। इस अवसर पर आगामी 3 से 11 दिसम्बर तक फुटबॉल टूर्नामेंट और 16 से 22 दिसम्बर तक वालीवॉल टूर्नामेंट के आयोजन के संबंध में चर्चा कर बेहतर प्रचार-प्रसार के लिए निर्देशित किया गया।




# देवेंद्रनगर के अशासकीय विद्यालयों के नेतृत्व में लगाया गया बाल आनंद मेला

पुष्पांजलि टुडे से सतेंद्र प्रजापति की खबर

**पन्ना** जिले के देवेंद्र नगर अंतर्गत अशासकीय विद्यालय स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल देवेंद्र नगर संस्कार पब्लिक स्कूल देवेंद्र नगर मिलेनियम पब्लिक स्कूल देवेंद्र नगर 0 मॉडल पब्लिक स्कूल देवेंद्र नगर मैं बाल आनंद मेला का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के बालक बालिकाओं द्वारा मेले में दुकानों को खोलकर बहुत सारे मानसिक व्यक्तित्व विकास के गुणों को निखार कर आनंद की अनुभूति प्रदान किया बच्चों में खुशी का माहौल रहा एवं इन मेलों में सबसे महत्वपूर्ण मेले का आयोजन स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल देवेंद्र नगर के तत्वाधान में संपन्न हुआ मेले का आयोजन पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्म दिवस के उपलक्ष में किया गया जिसमें देवेंद्र नगर के नगर परिषद अध्यक्षा शिवांगी ललित गुप्ता एवं विद्यालयों के अभिभावक छात्र-छात्राएं नगर की छात्र-छात्राएं एवं अभिभावक पत्रकार बंधु एवं वशिष्ठ अतिथि एवं नगर के समस्त नागरिकों द्वारा मेले का लुफ्त उठाया एवं बच्चों द्वारा बनाए गए व्यंजनों का एवं वस्तुओं की खरीदारी की गई बच्चों का मनोबल बढ़ाया गया एवं बच्चों के मनोवैज्ञानिक ज्ञान को बढ़ते देखकर अभिभावक बहुत खुश दिखाई दिए मेलों में विद्यालय की समस्त स्टाफ एवं विद्यालय के प्रधानाध्यापक संचालक सभी उपस्थित रहे7




## डीसेंट इंग्लिश स्कूल में हुआ बाल मेले का आयोजन

# बच्चों ने मस्ती की और अभिभावकों ने मेले का भरपूर आनंद लिया

संभागीय ब्यूरो गौरीशंकर कुशवाहा की ख़बर

**छतरपुर।** आज डीसेंट इंग्लिश स्कूल में 14 नवंबर बाल दिवस के उपलक्ष में प्रति वर्ष की भांति एक भव्य बाल मेले का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत डीसेंट स्कूल में 100 से अधिक दुकानों का संचालन किया गया। यह दुकाने बच्चों द्वारा लगाई गई। इसमें विभिन्न प्रकार के खाद्य पदार्थ, खेल और मनोरंजन मेल के प्रमुख आकर्षण थे। मेले का उद्घाटन भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष मलखान सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के मीडिया प्रभारी अरविंद सिंह एवं अभिषेक खरे मौजूद रहे। विद्यालय के प्रबंधक अशोक दुबे एवं प्राचार्या मयूरी दुबे द्वारा मुख्य अतिथि का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया व मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर मेले का विधिवत उद्घाटन किया गया। मेले के आयोजन में श्रद्धा नगाइच, साक्षी गुप्ता, दिनेश श्रीवास, प्रदीप त्रिपाठी, निधि त्रिवेदी, छवि श्रीवास्तव व प्रतीक तिवारी का विशेष योगदान रहा। मेले में अपनी दुकानों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। उप प्राचार्य राजीव जैन ने स्टाफ के साथ मिलकर मेले का सुचारू रूप से संचालन किया। यह मेला प्रातः 10ः00 बजे से प्रारंभ होकर लगभग 1ः00 बजे समाप्त हुआ। बच्चों ने इसमें पूरी मस्ती की और अभिभावकों एवं बाहर से आए सभी व्यक्तियों ने इस का भरपूर आनंद लिया।




# कलेक्टर की अध्यक्षता में हुई टीएल बैठक

पुष्पांजलि टुडे से सतेंद्र प्रजापति की खबर

**पन्ना।**-कलेक्टर श्री संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता में सोमवार को संपन्न हुई टीएल बैठक में लंबित प्रकरणों की समीक्षा की गई। इस अवसर पर अधिकारियों को सीएम हेल्पलाइन सहित टीएल और जनसुनवाई के लंबित प्रकरणों के तत्काल निराकरण के लिए गंभीरतापूर्वक दायित्व का निर्वहन कर शिकायत निराकरण संबंधी प्रगति में सुधार लाने के लिए निर्देशित किया गया।
कलेक्टर श्री मिश्र ने कहा कि संबंधित विभागीय अधिकारी विभाग और जिले की बेहतर रैंकिंग के लिए समय पर जरूरी कार्यवाही सुनिश्चित करें। वर्तमान में बी, सी एवं डी ग्रेड वाले विभागों के अधिकारी निर्धारित तय लक्ष्य अनुसार प्रतिदिन प्रकरण निराकृत करें। 20 नवम्बर को जारी होने वाली रैंकिंग में विभागों के ए-ग्रेड के अतिरिक्त अन्य ग्रेड रहने पर संबंधित अधिकारी-कर्मचारी की जिम्मेदारी तय कर कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। इसके साथ ही एल-1 स्तर पर शिकायत अटेंड नहीं करने वाले शासकीय सेवकों की वेतनवृद्धि रोकने और संबंधित ऑपरेटर की सेवा समाप्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान में जारी फोटो निर्वाचक नामावली के संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य के दौरान सभी कार्यालय प्रमुख अपने अधीनस्थ कार्यरत स्टाफ और परिवार के सदस्यों का मतदाता सूची में नाम दर्ज करवाना सुनिश्चित करें। साथ ही इस आशय का प्रमाण पत्र भी प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि अधिकारी भ्रमण के दौरान मतदाता केन्द्रों का निरीक्षण करें और ग्रामवासियों से चर्चा कर मतदाता सूची में नाम जु?वाने के लिए प्रेरित करें। इस दौरान बीएलओ की उपस्थिति और प्राप्त आवेदन पत्रों का अवलोकन भी किया जाए। अधिकारी अपने लक्षित वर्ग को भी इस बारे में अवगत कराएं। उन्होंने नगरीय क्षेत्रों में आयुष्मान योजना में कार्ड बनाने के कार्य में कम प्रगति वाले वार्ड प्रभारियों के निर्धारित दिवस के वेतन कटौती के निर्देश भी दिए। साथ ही स्वास्थ्य व महिला बाल विकास विभाग के अधिकारी को कार्य की मॉनीटरिंग के निर्देश दिए गए।




# कलेक्टर ने की विभागीय कार्यों की समीक्षा

पुष्पांजलि टुडे से जिला ब्यूरो चीफ हरिचरण प्रजापति

पन्नाःकलेक्टर श्री संजय कुमार मिश्र ने सोमवार को कलेक्टर कक्ष में विभिन्न विभागों द्वारा क्रियान्वित विकास व हितग्राहीमूलक कार्यों की समीक्षा की। योजनाओं की अद्यतन प्रगति के बारे में जानकारी लेकर निर्माण कार्यों को समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। नगरीय निकायों की समीक्षा के दौरान प्रधानमंत्री शहरी पथ विक्रेता योजना में लक्ष्य अनुसार प्रगति सुनिश्चित करने और पार्षदों से समन्वय कर अधिकाधिक लोगों को योजना का लाभ प्रदान करने के निर्देश दिए। नगरीय क्षेत्रों में विकास की बेहतर योजना बनाने और स्वच्छता सर्वेक्षण में बेहतर रैंक के लिए आवश्यक कार्यवाही के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने नगरीय निकायों में इस कार्य के लिए कंसलटेण्ट के चयन और सीवरेज, ड्रेनेज व जल प्रदाय योजनाओं की प्रगति के बारे में चर्चा की। शहरी क्षेत्रों में अतिक्रमण की मॉनीटरिंग कर इसके रोकथाम, गरीब व्यक्तियों को आजीविका के लिए स्थल चयन, यातायात व्यवस्था दुरूस्त करने, आयुष्मान कार्ड बनाने के कार्य में प्र्रगति लाने और सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों के निराकरण के निर्देश भी दिए गए। मिनी स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत संबंधित ठेकेदार को लापरवाही बरतने पर रिकवरी नोटिस जारी करने के लिए निर्देशित किया गया।जल जीवन मिशन की समीक्षा के दौरान 158 ग्रामों में कार्य पूर्ण होने पर आगामी 30 नवम्बर तक पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने और ग्रामवासियों को जल की प्रयोगशाला रिपोर्ट के बारे में अवगत कराने के निर्देश दिए गए। पवई डैम एवं मझगांय परियोजना के भौतिक व वित्तीय प्रगति व वितरण नेटवर्क के बारे में जानकारी ली। जल संसाधन विभाग अंतर्गत निर्माणाधीन विभिन्न लघु व मध्यम सिंचाई परियोजनाओं के बारे में जानकारी लेकर कार्य की समयावधि में पूर्णता के निर्देश दिए। अटल भूजल योजना के तहत वॉटर सिक्योरिटी प्लान और जनजागरूकता संबंधी कार्यवाहियों के बारे में जानकारी ली।



# फालना गर्ल्स स्कूल की 05 बालिकाओ का राज्य स्तरीय वुशु प्रतियोगिता मे चयन

पुष्पांजलि टुडे।पाली राजस्थान नरेश कुमार सीरवी

**रानी पाली।** फालना कस्बे की राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय के खिलाड़ियों ने 66 वी जिला स्तरीय वुशु प्रतियोगिता रुपावास सोजत मे विभिन्न वर्ग में उत्साह के साथ भाग लेकर विभिन्न वर्ग में पदक जीते गए। बालिका विद्यालय के प्रधानाचार्य कविता गहलोत ने बताया कि 19 वर्षीय छात्रा वर्ग में 4 खिलाडियों को स्वर्ण पदक एक खिलाडी को रजत पदक एवं 17 वर्षीय छात्रा वर्ग में 4 खिलाडियों को रजत पदक एवं 17 वर्षीय छात्र वर्ग में 1 खिलाडी को रजत पदक प्राप्त हुए है। गहलोत ने बताया कि राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय खुडाला फालना को जिला स्तरीय वुशु प्रतियोगिता में कुल 10 पदक जीतने के कारण से 66 वी जिला स्तरीय वुशु प्रतियोगिता में बालिका वर्ग मे जनरल चैंपियनशिप प्राप्त की है एवं 05 खिलाड़ी रविता यादव, पायल कुमारी,खुशबू प्रवीणा व अंजू कुमारी का राज्य स्तरीय वुशु प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। प्रधानाचार्य गहलोत ने बताया कि बालिकाओं को वुशु में विशेष प्रकार की तालीम शारीरिक शिक्षक नूतन खोखावत के द्वारा एवं बालिकाओं को उत्साह के साथ रुपावास-सोजत में प्रतियोगिताओ मे भाग लेने के लिए दल प्रभारी के रूप में व्याख्याता श्रीमती किरण गर्ग का सराहनीय प्रोत्साहन रहा।प्रधानाचार्य एवं समस्त गव स्टाफगण द्वारा विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी गई।



## 15 नवंबर का अवकाश घोषित, बंद रहेंगे सभी स्कूल-

पुष्पांजलि टूडे से सतेंद्र प्रजापति की खबर

### कॉलेज और सरकारी कार्यालय, एमपी सरकार ने जारी किया नोटिफिकेशन।*

भोपाल। मध्यप्रदेश में 15 नवंबर को सभी सरकारी दफ्तरों में अवकाश घोषित किया गया है। इस दिन बिरसा मुंडा की जयंती है। राज्य सरकार ने इस दिन का सामान्य अवकाश घोषित किया है। इससे पहले एच्छिक अवकाश हुआ करता था। इस प्रकार मध्यप्रदेश के सरकारी दफ्तरों, स्कूल और कॉलेजों में 15 नवंबर का अवकाश रहेगा। राज्य सरकार ने सरकारी छुट्टी का नोटिफिकेशन भी जारी कर दिया था।

## जिले के समस्त मतदाताओं से अपील

पुष्पांजलि टुडे से सतेंद्र प्रजापति की खबर

**पन्नाः**भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार रविवार, को मतदान केन्द्रों पर विशेष कैंप का आयोजन किया गया। इस दौरान जिन मतदाताओं ने 18 वर्ष आयु पूर्ण कर ली है, उनके नाम मतदाता सूची में फॉर्म 6 के माध्यम से जोड़ने का कार्य किया गया। आगामी दिनों में भी सभी पात्र और जिन मतदाताओ की आयु 17 वर्ष हो चुकी है, उनसे वांछित फॉर्म भरकर मतदाता सूची में नाम जुड़वाने की अपील की गई है। निर्धारित फॉर्म भरकर आयु में संशोधन, फोटो में परिवर्तन, स्थान परिवर्तन, नाम में परिवर्तन, पिता या पति के नाम में परिवर्तन भी करवाया जा सकता है। मतदाता स्वयं भी मतदाता सूची में वोटर हेल्पलाइन अथवा एनवीएसपी पोर्टल के माध्यम से सुगमता से कार्य पूर्ण करवा सकते हैं।

## आईएनटीयूसी एवं आदिवासी बनवासी क्रांति सेना ने पदयात्रा का दिया समर्थन

# पदयात्रा के आगमन पर बिलघाड़ी ग्राम में हुई नुक्कड़ सभा, नफरत छोड़ो भारत जोड़ो के लगे

पुष्पांजलि टुडे से सतेंद्र प्रजापति की खबर

**गुनौरः** माननीय राहुल गांधी जी की भारत जोड़ो पदयात्रा की उप यात्रा सिंगरौली से चलकर सतना पन्ना छतरपुर से उज्जैन जा रही है।जिला पन्ना से भारत जोड़ो यात्रा उपयात्रा पन्ना की गुनौर विधानसभा में दिनांक- 13/11/ 2022 को संध्या 6ः30 पर बिलघाड़ी ग्राम में आगमन हुआ। पदयात्रा का नेतृत्व पन्ना जिला यात्रा समन्वयक माननीय दिव्या रानी सिंह जी, गुनौर विधायक शिवदयाल बागरी, राम बहादुर द्विवेदी, केसरी अहिरवार, अन्य साथी पदयात्रा का संचालन कर रहे थे।गुनौर विधानसभा की ग्राम बिलघाडी में उप यात्रा शाम के 6 बजे आगमन हुआ। तदउपरांत ग्राम की नुक्कड़ सभा में महात्मा गांधी की तस्वीर पर माला अर्पण करने के पश्चात जनमानस में यात्रा का स्वागत किया कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय खाद्य आपूर्ति मजदूर संघ इकाई- पन्ना जिला अध्यक्ष एवं आदिवासी बनवासी दलित क्रांति सेना (बुंदेलखंड) के संयोजक केपी सिह बुंदेला ने किया श्री बुंदेला द्वारा स्वागत में समाजिक संगठन राष्ट्रीय खाद्य आपूर्ति विभाग मजदूर संघ एवं आदिवासी बनवासी क्रांति सेना का समर्थन का एलान किया तथा पदयात्रा समर्थन पत्र सौंपा गया। पदयात्रा का स्वागत प्रमुख रूप से लल्ला चौधरी, कल्लू राजा, शिवलाल सेन, बाबू सिंह राजपूत, समुत पांडे अनेकों संगठन के साथियों ने किया कार्यक्रम का सफल संचालन श्री सुरेश बागरी जी ने किया ग्राम बिलघाड़ी की आम जनता का अच्छा सहयोग रहा आसपास के गांव की सैकड़ों लोगों ने उपपदयात्रा की सराहना की एवं राहुल गांधी जी के नेतृत्व में भाईचारा बनाने के लिए कांग्रेस को अपना वोट रूपी मतदान देने के शपथ ली नफरत छोड़ो भारत जोड़ो के नारों से गूंजा बिलघाड़ी ग्राम नुक्कड़ सभा उपरांत आगामी कार्यक्रम हेतु भारत जोड़ो पदयात्रा बराछ ग्राम को रवाना हुई जहां पर कार्यक्रम उपरांत यात्रियों का विश्राम होगा।

# जौरा सीएम राइज मॉडल स्कूल में बाल दिबस पर बच्चो को पढाई के साथ साथ खेलो के प्रति किया प्रेरित.

सीएम राइस विद्यालय शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जौरा में बाल दिवस मनाया गया प्राचार्य बैजनाथ त्यागी एवं उप प्राचार्य बृजेश उपाध्याय जी द्वारा बड़े हर्षोल्लास के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया कार्यक्रम में बच्चों की उत्सुकता एवं रुचि ने बाल दिवस को और भी रुचिकर बनाया प्रारंभ में पंडित जवाहरलाल नेहरू एवं मां सरस्वती प्रतिमा पर पुष्प माल्यार्पण किया गया प्राचार्य बैजनाथ त्यागी जी द्वारा बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ अन्य प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया गया इस अवसर पर शिवजीत शर्मा,योगेश, नितेश,हरिओम, राजेंद्र, वरुण कुमार, अशोक, अमित, सुरेंद्र, कृष्ण गोपाल, रणवीर ,देवी सिंह, हांकरे जी, रेनू ,सोनम ,मिथिलेश, नीतू , इत्यादि शिक्षक उपस्थित रहे



## अरविन्द द्विवेदी कोषाध्यक्ष बने


पुष्पांजलि टुडे से सतेंद्र प्रजापति की खबर

**पन्ना/**मध्य प्रदेश राज्य पत्रित अधिकारी संघ के जिला अध्यक्ष पुष्पराज सिंह परमार ने संगठन का विस्तार करते हुए उच्च श्रेणी शिक्षक अरविन्द कुमार द्विवेदी को गुनौर तहसील इकाई का कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उन्होने श्री द्विवेदी से अपेक्षा करते हुए संगठन के विस्तार मे कार्य करते हुए संगठन को मजबूत बनाने का भरोसा जताया है। श्री द्विवेदी की नियुक्ति पर संगठन के पदाधिकारीयों, सदस्यों, शुभ चिंतको ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है तथा जिला अध्यक्ष श्री सिंह का आभार व्यक्त किया है।

## पंडित उपेंद्र मिश्रा का निधन

पुष्पांजलि टूडे से सतेंद्र प्रजापति की खबर ब्यूरो

**पन्ना/** शहर के किशोरगंज मोहल्ला निवासी स्वास्थ्य विभाग के सेवानिवृत्त कर्मचारी पंडित उपेंद्र मिश्रा का आज 14 नवंबर की शाम उपचार के दौरान जिला चिकित्सालय पन्ना में निधन हो गया वह 79 वर्ष के थे श्री मिश्रा काफी दिनों से गंभीर बीमारी से ग्रसित थे 3 दिन पूर्व जब उनकी हालात गंभीर हुई तो उन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया जहां पर उन्होंने आज शाम को अंतिम सांस ली गौरतलब हो कि हंसमुख स्वभाव वा मिलन छार श्री मिश्रा एक अच्छे साहित्यकार भी थे उनका अंतिम संस्कार 15 नवंबर की सुबह स्थानीय मुक्तिधाम में किया जाएगा गौरतलब हो कि स्वर्गीय श्री मिश्रा जितेंद्र मिश्रा के पिता थे और यह तीन भाइयों में सबसे बड़े थे इनके एक भाई जो बैंक के सेवानिवृत्त प्रबंधक जगदीश मिश्रा है



# बाल दिवस पर मुणोत ने बच्चों को पाठ्य सामग्री का वितरण किया



पुष्पाजंली टुडे

बेंगलुरू न्यू होप ग्लोबल फाउंडेशन ट्रस्ट ने जय मारुति नगर में बच्चों के साथ बाल दिवस मनाया मुख्य अतिथि महेंद्र मुणोत ने दीप प्रज्वलन कर मां भारती के चित्र पर एवं पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया इस अवसर पर ट्रस्ट के सदस्यों ने बच्चों के साथ केक काटकर बच्चों को खिलाया एवं पाठ्य सामग्री का वितरण किया मुणोत ने अपने वक्तव्य में कहा जो हम मंदिरों में दर्शन करते हैं वह भगवान की मूर्तियां हैं लेकिन नन्हे मुन्ने प्यारे प्यारे बालक साक्षात भगवान का रूप है उनमें जातिवाद का बीज अंकुरित ना होने दें विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ पत्रकार कुमार जिवेंन्द्र झा. ने अपने वक्तव्य में कहा मनुष्य ने तकनीक का आविष्कार किया है न कि तकनीक ने मनुष्य को बनाया है तकनीक पर ज्यादा निर्भर होकर अपनी सृजनशीलता को कम ना करें ट्रस्ट के सदस्यों ने अतिथियों को सम्मानित किया



# कमलनाथ के 18 नवंबर को जन्मदिन से सत्ता परिवर्तन का शंखनाद प्रारंभ होगा

प्रमोद शुक्ला

भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती के अवसर पर मध्य प्रदेश किसान कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सचिव प्रमोद कुमार शुक्ला ने कहा है कि पूर्व मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कमलनाथ के 18 नवंबर 2022 को जन्मदिन के शुभ अवसर से सत्ता परिवर्तन का आगाज रूपी शंखनाद प्रारंभ होगा जिसका शीर्षक होगा भ्रष्टाचार मिटाओ लोकतंत्र बचाओ कमलनाथ लाओ प्रदेश बचाओ रूपी जंगी अभियान प्रारंभ होगा यह अभियान मेहगांव विधानसभा क्षेत्र भिंड जिला ग्वालियर चंबल संभाग सहित पूरे प्रदेश में पोस्ट कार्ड वितरण अभियान के रूप में चलेगा कांग्रेस नेता प्रमोद शुक्ला के निवास पर प्रेस वार्ता में उपस्थित नेताओं में गोहद ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष गणेश राम शर्मा ओमप्रकाश माहोर राधा-कृष्ण दीक्षित सलीम वर्क्स आदि शामिल हुए

## बाल दिवस पर मेडल पाकर खिल उठे चेहरे

# शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पाथरगांव में मनाया बाल दिवस

रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे
बालाघाट



भारत के पृथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू के जन्म के दिन को बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन स्कूल व कॉलेज को रंग - बिरंगे गुब्बारों और दूसरे सजावटी चीजों से सजाया जाता है। इसके साथ ही तरह तरह के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। भारत में साल 1956 से बाल दिवस मनाया जा रहा है। बाल दिवस मनाने का मकसद पंडित नेहरू को श्रद्धांजलि देना है। इसके साथ ही बच्चों को उनके अधिकारों और शिक्षा के प्रति जागरूक करना भी है। बता दें कि प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की मृत्यु के बाद उनकी जयंती को भारत में बाल दिवस की तारीख के रूप में चुना गया था। तभी से 14 नवंबर को बाल दिवस मनाया जाने लगा था।इसी कड़ी में विकासखंड लांजी अंतर्गत सीएम राइस कैंपस शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पाथरगांव के माध्यमिक विभाग में हर्षोल्लास पूर्वक बाल दिवस का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की शुरुआत में पंडित जवाहरलाल नेहरू एवं मां सरस्वती की पुजा अर्चना पश्चात खेल प्रतियोगिता आयोजित की गई। सर्वप्रथम बालकों की कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित हुई, तत्पश्चात बालिकाओं ने कबड्डी प्रतियोगिता में अपने करतब दिखाए। खोखो प्रतियोगिता के आयोजन में सभी प्रतिभागियों ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। 100 मिटर दौड़, 100 मिटर पगबाधा दौड़ में बालक बालिकाओं दोनों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर संस्था के प्राचार्य एसी घोरमारे, प्रधानपाठक आर एल हनोते, डा अरूण कबिरे सरपंच ग्राम पंचायत पाथरगांव, शिक्षक एमडी कटरे के हस्ते आयोजित हुई प्रतियोगिताएं जिनमें बालक बालिका कबड्डी, खोखो, 100 मिटर दौड़, 100 मिटर पगबाधा दौड़ में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान हासिल करने वाले बच्चों को मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। बाल दिवस के अवसर पर गले में मेडल पहने छात्र छात्राएं अत्यंत प्रसन्न नजर आए। कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन शिक्षक रवि गरूडे, विजय कुमार कुचलाहे, रितेश कटरे अतिथि शिक्षक के द्वारा किया गया।




# बाल दिवस के अवसर पर थाना प्रभारी ने छात्र छात्राओं को यातायात के नियमों एवं नशे के दुष्प्रभावों से किया जागरूक,

रहीश भैया 7869883786




**घाटीगांवल** भंवरपुरा थाना प्रभारी बलवीर सिंह मावई ने आज अमरगढ़ एवं भंवरपुरा के स्कूलों में जाकर अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के साथ मिलकर बाल दिवस मनाया एवं एसपी साहब के द्वारा चलाए जा रहे नशे के विरुद्ध जागरूक अभियान के तहत जानकारी साझा की इस अवसर पर थाना प्रभारी बलबीर मावई के साथ सरपंच पुष्पा शिव सिंह गुर्जर, समस्त स्टॉप स्कूलों के स्टाफ करीब 70 बच्चे छात्र छात्राएं उपस्थित रहे इस अवसर पर थाना प्रभारी श्री मावई द्वारा जानकारी दी गई कि युवाओं को स्वयं नशे से दूर रहना चाहिए साथ ही आसपास के लोगों को एवं परिजनों को भी जागरूक करना चाहिए साथ ही अपने स्कूल स्टाफ को भी नशे से दूर रहने की शपथ दिलवाई साथ ही बताया कि सड़क पर वाहन चलाते समय हमें यातायात के नियमों का पालन करना चाहिए दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का इस्तेमाल करना चाहिए और चार पहिया वाहन चलाते समय सदैव सीट बेल्ट का योग करना चाहिए इस मौके पर समस्त पुलिस स्टाफ आर आई पटवारी स्कूल का स्टाफ बच्चे सरपंच एवं ग्रामीण लोग मौजूद हैं

# गौतम बुद्ध व डॉ.भीमराव आम्बेडकर प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण

महेन्द्र शर्मा, उपसंपादक पुष्पांजली टुडे



**ग्वालियर।** रमन शिक्षा समिति व पाठक मंच थाठीपुर, ग्वालियर के संयुक्त तत्वाधान में बुद्ध विहार आनंद नगर, थाठीपुर ग्वालियर में गत दिवस ÷गौतम बुद्ध एवं डॉ. भीमराव आम्बेडकर÷ पर आधारित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार वितरण किया गया। यह प्रतियोगिता 2 अक्टूबर 2022 को ग्वालियर के विभिन्न विद्यालयों, कोचिंग सेन्टर तथा रमन शिक्षा समिति के विवेकानन्द पुनर्वास केन्द्र सहित छ÷ स्थानों पर कक्षा 12 से उच्च शिक्षा तक ÷ए÷ वर्ग, कक्षा 8 से 11 तक ÷बी÷ वर्ग तथा कक्षा 3 से 7 तक ÷सी÷ वर्ग के रूप में तीन वर्गों में आयोजित की गई। जिसमें लगभग 300 प्रतियोगियों ने भाग लिया था। वर्ग ÷ए÷ में अमित नरवरिया, वर्षा ऐशवार तथा शीतल बाजोरिया ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त किया। वर्ग ÷बी÷ में शैजल माहोर, वीरेंद्र सिंह नरवरिया तथा शिव परिहार ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त किया। और वर्ग ÷सी÷ उदय प्रताप, रितु आरोलिया तथा मंगल सिंह चौहान ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। इन सभी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार के रुप में ÷भारत का संविधान÷ तथा ÷ज्योतिबा फुले÷ की पुस्तकें उपहार स्वरूप भेंट की गई। इसके अतिरिक्त प्रतियोगिता में सहभागिता करने वाले सभी प्रतिभागियों को ÷सहभागिता प्रमाण पत्र÷ प्रदान किया गया। इस अवसर पर श्री घनश्याम रामपुरिया, एस. एल. मोर्य, बी. पी. भिड़े, साहित्यकार रामचरण चिराड़ ÷रुचिर÷, अर्चना वामनगया, एवं परीक्षा केन्द्र व्यवस्थापक- संध्या आर्य, आर. डी. माहोर, भीम प्रकाश सराहिया, मीना शिवराम जाटव पूर्व पार्षद, डॉ.लक्ष्मण प्रसाद जाटव मंचासीन रहे।रमन शिक्षा समिति व पाठक मंच थाठीपुर ने परीक्षा केन्द्र व्यवस्थापकों का सम्मान करते हुए भारतीय संविधान की प्रति के साथ सम्मान पत्र भेंट किया। कार्यक्रम संयोजक लालता प्रसाद दोहरे व मंचासीन अतिथियों ने विजेताओं व प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया। अर्चना बामनगया ने बच्चों को उत्साहवर्धक व प्रेरणादायी गीत सुनाया। रमन शिक्षा समिति के अध्यक्ष हरिओम गौतम ने अपने उद्बोधन में बच्चों को नशे से दूर रहने की शिक्षा दी। इस अवसर पर विशेष रूप से उपस्थित थाटीपुर थाना के उपनिरीक्षक आनन्द कुमार ने बच्चों को निरन्तर आगे बढ़ने, पढ़ने व विकास करने की सलाह दी तथा अपराध व नशे के दुष्परिणाम बताते हुए, इनसे बचकर रहने का मार्ग सुझाया कार्यक्रम का संचालन डॉ. मंजुलता आर्य ने किया। इस अवसर पर बच्चों के अभिभावक, अशोक, मानसिंह तथा भारी संख्या में नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम बहुत ही सराहनीय एवं प्रेरक रहा।



# वर्तमान समय में पत्रकारों को समाज के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की जिम्मेवारी हैः

## संभागी ब्यूरो गौरीशंकर कुशवाहा की पुष्पांजलि टुडे की खबर, पत्रकार समाज को दिशा देने का कार्य करतें है-अजय प्रताप, जर्नालिस्ट्स यूनियन ऑफ मध्य प्रदेश (जम्प) के तत्वाधान मे राष्ट्रीय सम्मेलन संपन्न

**पन्ना/**समाजिक द्रष्टी से जिस प्रकार का दौर चल रहा है, इस समय मे समाज के लिए पत्रकारो को महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की जिम्मेवारी है, क्योकि वर्तमान समय मे सुख सुविधाए, साधन संपन्न लोग हो रहे है, लेकिन अपने नैतिक मूल्य तथा समाजिक जिम्मेवारी निर्वहन मे महत्वपूर्ण भूमिका अदा नही कर रहें है। इस लिए ऐसे वक्त मे मीडिया की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है। उक्ताश्य के विचार भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव पूर्व मंत्री कैलाश विजयवर्गी ने भोपाल मे आयोजित जर्नालिस्ट यूनीयन आफ मध्य प्रदेश जम्प के तत्वाधान मे आयोजित नेशनल यूनीयन आफ जर्नलिस्ट ईंडिया के राष्टीय सम्मेलन मे मुख्य अतिथि के रूप मे व्यक्त किये। उन्होने कहा कि हमारे देश द्वारा लगातार प्रगति की गई लोग साधन संपन्न हुए। लेकिन समाजिक तानाबाना तथा समाजिक सरोकार एवं सेवा मे कमी आई है, संस्कार कम हुए है, जिन्हे जीवंत रखने के लिए समाज के हर वर्ग को आना होगा, और इसके लिए लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पत्रकारो को जिम्मेवारी पूर्वक निर्वहन करना होगा। पूर्व मे भी पत्रकारो ने हमेशा समाज के लिए अपनी भूमिका अदा की है। तत्पश्चात् कार्यक्रम को विशिष्ट अतिथि राज्यसभा संसाद अजय प्रताप सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि पत्रकार समाज को दिशा देने का कार्य करते है, और आंगे भी पत्रकारो को अपनी भूमिका का ईमानदारी पूर्वक निर्वहन की आवश्यकता है। लेकिन वर्तमान समय मे जिस प्रकार पत्रकार औद्योगित तथा साधन संपन्न लोगो के कब्जे मे आ रहे है इससे पत्रकार अपनी समाज के प्रति होने वाली महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन नही कर पा रहे है। जो चिंता का विषय है, यह परिस्थीति पत्रकारो के साथ साथ समाज के हर क्षेत्र मे देखी गई है। इस लिए हमें अपनी भूमिका का निर्वहन इन परिस्थीतियों मे भी निर्वहन करने के प्रति सोचने की आवश्यकता है। तत्पश्चात् कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहें राष्टीय अध्यक्ष राशबिहारी ने संबोंधित करते हुए कहा कि पत्रकारो का दायित्व ऐसे समय मे महत्वपूर्ण है जिस समय समाज का हर वर्ग अनेक परिस्थीतियों से गुजर रहा हो तथा समाजिक मूल्यों मे कमी आ रही हो आम लोग परेशान हो इस स्थिती मे हम पत्रकारो को आगें आ कर अपनी भूमिका की उपयोगिता सिद्ध करने की आवश्यकता है। उन्होने इस दौरान पत्रकारो की विभिन्न सुविधाओं तथा सुरक्षा के संबंध मे भी बात रखी तथा कहा कि पत्रकारो की सुरक्षा के लिए पत्रकार सुरक्षा कानून तत्काल लागू किया जाना चाहीए। क्योकि पत्रकार समाज के आवाज को उठाता है, और उस आवाज को उठाने का कार्य असमाजिक लोग करते है इस लिए सरकार की यह दायित्व है कि समाज के लिए यह कार्य करने वाले पत्रकारो को सुरक्षित रखना सरकार की महत्वपूर्ण भूमिका होना चाहीए। उन्होने सरकार द्वारा पत्रकारो को दी जाने वाली सुविधाओं को भी निरन्तर लागू रखने का अनुरोध किया। रेल्वे मे पूर्व मे पास दिये जाते थें जो सरकार द्वारा बंद कर दिये गये। वह भी तत्काल बहाल होना चाहीए। पत्रकारो के लिए पेंशन सहित अन्य सुविधाए भी मिलनी चाहीए, क्योकि पत्रकार समाज के लिए कठिन से कठिन परिस्थीतियों मे काम करते है। कार्यक्रम सरस्वती वंदना तथा पूजा अर्चन के बाद प्रारंभ हुआ। तत्पश्चात् आयोजको द्वारा उपस्थित अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान किया गया। उक्त पत्रकार सम्मेलन मे पूरे देश से पत्रकार शामिल हुए। जिसमे आन्ध्र प्रदेश, तेलंगाना, तमिलनाडू, झारखंड, दिल्ली, उत्तरप्रदेश, उत्तराखंड, हिमांचल प्रदेश, हरियाणा, छत्तिसगढ, राजस्थान, कर्नाटक, उडिसा सहित सभी राज्यों से पत्रकार शामिल हुए और उन्होने कार्यक्रम मे सहभागिता निभाई, कार्यक्रम के आयोजक अध्यक्ष जर्नलिस्ट आर्फ यूनियन मध्य प्रदेश खिलावन चन्द्राकर द्वारा आभार व्यक्त किया गया तथा कार्यक्रम का संचालन ब्रम्हकुमारी? बहन जी एवं संगठन के सचिव प्रदीप तिवारी द्वारा किया गया। उक्त कार्यक्रम मे मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलो से भी पत्रकारसाथी शामिल हुए। पन्ना जिले से संगठन के जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा, महासचिव सादिक खान, मीडिया प्रभारी ऋषि कुमार मिश्रा ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।





## सम्पादकीय

### सच दिखाने का हक

सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा है कि हर पत्रकार राजद्रोह के कानून के तहत सुरक्षा का हकदार है। सुप्रीम कोर्ट की एक पीठ ने पत्रकार विनोद दुआ के खिलाफ पिछले साल शिमला में दर्ज राजद्रोह का मामला खारिज करते हुए यह बात कही। विनोद दुआ के खिलाफ यह मामला हिमाचल प्रदेश में एक भाजपा नेता की शिकायत पर दर्ज हुआ था। सर्वोच्च न्यायालय ने इस मामले में पहले ही उनकी गिरफ्तारी पर रोक लगा रखी थी और पिछले अक्तूबर में सुनवाई पूरी करके फैसला सुरक्षित रख लिया था। सन 1962 का केदारनाथ सिंह केस इस तरह के मामलों में नजीर माना जाता है और सुप्रीम कोर्ट ने इस फैसले में भी इसी को आधार बनाया है। केदारनाथ सिंह केस में सुप्रीम कोर्ट ने राजद्रोह कानून को वैध ठहराया था, लेकिन यह कहा था कि अगर कोई पत्रकार सिर्फ सरकार की आलोचना करे, तो इस आधार पर उसके ऊपर राजद्रोह नहीं कायम किया जा सकता। अगर वह हिंसा के लिए उकसाता है, तभी राजद्रोह का मामला बन सकता है। ऐसे स्पष्ट दिशा-निर्देशों के होते हुए भी पत्रकारों के खिलाफ राजद्रोह के मामले दर्ज होते रहते हैं। राज्य सरकारों की ओर से या उनके प्रोत्साहन से ऐसे मामले बढ़ते जा रहे हैं। ऐसे ज्यादातर मामले अदालत में टिक नहीं पाते, लेकिन इनका उद्देश्य, जो कि पत्रकारों को डराना या प्रताड़ित करना है, पूरा हो जाता है। इस फैसले केदो दिन पहले सुप्रीम कोर्ट की एक और पीठ ने एक अन्य मामले में राजद्रोह कानून के दुरुपयोग पर सवाल उठाते हुए कहा था कि इस कानून के दायरे पर फिर से सोचे जाने की जरूरत है। वह मामला आंध्र प्रदेश का था, जहां एक राजनेता और एक चैनल के दो पत्रकारों पर राजनेता का भाषण दिखाने के लिए राजद्रोह का केस दर्ज किया गया है। सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने फिलहाल एफआईआर पर कार्रवाई रोकते हुए काफी तल्ख टिप्पणियां की हैं। सुप्रीम कोर्ट केन्यायाधीश ने व्यंग्य में पूछा कि क्या गंगा नदी में उतराती लाशों की खबर करने वाले चैनलों पर राजद्रोह का मुकदमा दर्ज किया गया है? जाहिर है, सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश शायद इस बात से वाकिफ हैं कि राजद्रोह के कानून का दुरुपयोग पत्रकारों को अपना नियमित काम करने से रोकने और प्रताड़ित करने के लिए किया जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट के सामने दो पत्रकारों किशोरचंद्र वांगखेम और कन्हैयालाल शुक्ल की याचिका मौजूद है, जिसमें उन्होंने ब्रिटिश राज के दौर के इस कानून को चुनौती दी है। अगर किसी को किसी पत्रकार से या किसी खबर से कोई शिकायत है, तो लोकतंत्र की परंपराओं केमुताबिक उस स्थिति में कार्रवाई करने के तरीके हैं, लेकिन इन दिनों कुछ ऐसा माहौल बन गया है कि सरकारें या सत्ताधारी पार्टी के लोग सीधे राजद्रोह का मामला कायम कर देते हैं। इस कानून का इतिहास यही बताता है कि इसका दुरुपयोग ही ज्यादा होता आया है। अक्सर पत्रकारों या सामाजिक कार्यकर्ताओं या फिर शांतिपूर्ण आंदोलनकारियों के खिलाफ मामला दर्ज करके उन्हें परेशान किया जाता है। ताजा मामले यह बता रहे हैं कि सुप्रीम कोर्ट इस मसले की गंभीरता को समझ रहा है। अगर आला अदालत इस कानून की समीक्षा करकेइसके दुरुपयोग को रोकने की पहल करती है, तो यह हमारे लोकतंत्र केलिए बहुत बेहतर होगा।

# जूनियर भगवान हड़ताल पर:राकेश अचल

डाक्टर जूनियर हो या सीनियर दुनिया में भगवान का दूसरा रूप माना जाता है ,लेकि सोचिये क्या भगवान भी कभी हड़ताल पर जा सकता है ,या इस्तीफा दे सकता है ?तो जबाब है हाँ कम से कम भारत में तो भगवान का दूसरा रूप मने जाने वाले डाक्टर हड़ताल कर सकते हैं.मध्य्प्रदेश में जूनियर भगवान यानि जूनियर डाक्टर हड़ताल पर हैं ,वे हाईकोर्ट के निर्देश को भी मानने के लिए तैयार नहीं पूरे भारत की तरह मध्यप्रदेश भी कोरोना की दूसरी लहर की चपेट में हैं. आधिकारिक रूप से मध्यप्रदेश में कोरोना से 8207  लोग मारे जा चुके हैं,14186  सक्रिय मरीज हैं और अब तक 782945 लोग संक्रमण के शिकार हो चुके हैं लेकिन भगवान बने डाक्टरों ने तमाम आरोपों,प्रत्यारोपों के बीच 760 552 लोगों को कोरोना के चंगुल से बाहर निकालने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है .वरिष्ठ चिकित्स्कों के अलावा इस संक्रमणकाल  में प्राणरक्षा के इस अभियान में शामिल प्रदेश के तीन हजार जूनियर डाक्टरों ने भी आपदा को अवसर मानकर हड़ताल शुरू कर दी है .

कोरोना और ब्लैक फंगस के कहर के बीच एमपी में जूनियर डॉक्टर तीन दिन से हड़ताल पर थे। करीब तीन हजार डॉक्टरों ने अपनी मांगों को लेकर काम से किनारा कर लिया था। जूनियर डॉक्टर सरकार से मुख्य तौर पर मानदेय बढ़ाने और कोरोना वायरस से संक्रमित होने पर उन्हें और उनके परिवार के लिए मुफ्त इलाज की मांग कर रहे हैं। प्रदेश सरकार ने जूनियर डॉक्टरों को हड़ताल जारी रखने पर सख्त कार्रवाई करने की चेतावनी दी थी।मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने जूनियर डॉक्टरों की हड़ताल को अवैधानिक करार दिया था। हाईकोर्ट ने जुड़ा को निर्देश दिया था कि वो 24 घंटे के भीतर काम पर शीघ्र लौटे। 24 घंटे के भीतर अगर वो काम पर नहीं लौटे है तो सरकार को जूडा पर सख्त कार्रवाई के निर्देश भी दिए थे । काबिलेगौर ये है कि प्रदेश सरकार जूडा की अधिकांश मांगों को मान चुकी है। जूडा की मांग थी कि जूनियर डॉक्टर्स और उनके परिवार के सदस्य अगर कोरोना पीड़ित होते हैं तो उन्हें निशुल्क इलाज की सुविधा प्रदान की जाए जिसे सरकार ने मान लिया था। सरकार की ओर से महाधिवक्ता ने हाई कोर्ट में बताया कि जूडा की अधिकांश मांगें मान ली गई हैं लेकिन जूनियर डाक्टरों ने हाईकोर्ट की सुनी और सरकार की,अब सरकार के सामने दुविधा है कि वो क्या करे सरकार हड़ताली डाक्टरों को बर्खास्त कर सकती है लेकिन सवाल ये है कि फिर नए डाकटर कहाँ से आएंगे रातों-रात तो डाक्टरों की भर्ती हो नहीं सकती,फिर डाक्टर हैं ही कहाँ पहले से प्रदेश और देश में डाक्टरों की भारी कमी है . जूनियर भगवानों की मांगों से हमारा कोई विरोध नहीं है.हमारा विरोध हड़ताल से भी नहीं है ,हमें यानि आम जनता को तकलीफ इस बात की है कि जूनियर भगवानों ने अपनी मांगें मनवाने के लिए जो समय चुना है वो गलत है. लगता है कि जूनियर डाकटर हड़ताल नहीं बल्कि सरकार को ब्लेकमेल कर रहे हैं .कायदे से डाक्टरी का पेशा ऐसा है जिसमें हड़ताल की कोई सुविधा होना ही नहीं चाहिए.हड़ताल एक मौलिक अधिकार है ,संवैधानिक अधिकार नहीं .कुछ सेवाएं ऐसी हैं जिनमें  हड़ताल कर दी जाये तो मनुष्यता खतरे में पड़ सकती है . आपको याद होगा कि हमारे सरकारी अस्पतालों में पहले से कामबाढ़ है,कोरोना और ब्लैक फंगस जैसे असाध्य रोगों ने सरकारी अस्पतालों की कमर तोड़ रखी है .ऊपर से जूनियर डाक्टर हड़ताल पर हैं. इस आपात स्थिति में वरिष्ठ डाक्टर कितने दिन स्थिति को सम्हाल सकते हैं ?मध्यप्रदेश सरकार ने पिछले दिनों ही प्रदेश में किल कोरोना नाम का अभियान चलाय था,इस अभियान की रीढ़ में ये भगवान ही हैं लेकिन ये तो हड़ताल पर चले गए.अब अभियान का दम तोड़ना तय है .विषम परिस्थिति में सब जानते हैं कि सरकार ही झकेगी ,भगवान नहीं. वे तो जहां चाहेंगे वहां जाकर पनि रोजी कमा लेंगे लेकिन सरकार उनका विकल्प रातों-रात खड़ा नहीं कर सकती। मानवता का तकाजा है कि जूनियर भगवान तत्काल अपने काम पर लौटें और सरकार पर दबाव बनाने के लिए जापानी तरिके इस्तेमाल करें ताकि न तो मनुष्यता का नुक्सान हो और न उनके गौरवशाली पेशे पर आंच आये .कोई माने या न माने आज भी देश-दुनिया में डाक्टरों के साथ अभद्रता और मारपीट की कुछ घटनाओं को छोड़कर डाक्टरों को भगवान का दूसरा रूप ही माना जाता है लेकिन भगवान अपने इस रूप-स्वरूप का बेजा फायदा उठाने लगे हैं. निजी क्षेत्र में तो उन्होंने लूट मचा रखी है ,सरकारी क्षेत्र में भी उन्हीं की दादागीरी चलती है. फिर भी वे हड़ताल का अमोघ अस्त्र चलाने  से बाज नहीं आते. मध्य्प्रदेश सरकार जैसे भी हो इन जूनियर भगवानों को मनाये अन्यथा ये आग प्रदेश से बाहर भी फ़ैल सकती है. क्योंकि आपदा में अवसर सभी को नजर आ रहा है. मेरा सुझाव है कि हालात मामूल होने के बाद ऐसी कोई व्यवस्था अवश्य की जाये जहाँ पहले तो डाक्टरों को हड़ताल की सुविधा ही न दी जाये और अगर ऐसी कोई सूरत बने तो निजी क्षेत्र में काम करने वाले तमाम डाक्टरों को क़ानून के जरिये सरकारी अस्पतालों में काम करने के लिए बाध्य किया जाये .हालाँकि ऐसा कर पाना कठिन है लेकिन कोशिश करने में क्या जाता है ?

-राकेश अचल

*कोरोना और ब्लैक फंगस के कहर के बीच एमपी में जूनियर डॉक्टर तीन दिन से हड़ताल पर थे। करीब तीन हजार डॉक्टरों ने अपनी मांगों को लेकर काम से किनारा कर लिया था। जूनियर डॉक्टर सरकार से मुख्य तौर पर मानदेय बढ़ाने और कोरोना वायरस से संक्रमित होने पर उन्हें और उनके परिवार के लिए मुफ्त इलाज की मांग कर रहे हैं। प्रदेश सरकार ने जूनियर डॉक्टरों को हड़ताल जारी रखने पर सख्त कार्रवाई करने की चेतावनी दी थी।मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने जूनियर डॉक्टरों की हड़ताल को अवैधानिक करार दिया था।*

# बढ़ते भाव और भोजन से नदारद होती दाल: राकेश दुबे



कोरोना दुष्काल  और सरसो के तेल की बढ़ी कीमतों की मार झेल रहे आम आदमी को राहत मिलने की उम्मीद नहीं दिखाई दे रही है। देश में दलहन  का उत्पादन घटने से दाल की कीमतों में बढ़ोतरी की आशंका है। भारतीय दलहन एवं अनाज संघ (आई पी जी ए) के अनुसार, इस वर्ष दाल का उत्पादन  घट सकता है। कोरोना के कारण इस फसल वर्ष में दलहन फसलों की बुआई पर किसानों का जोर कम रहा है। इसके चलते देश में इस साल मसूर, चना और अन्य दालों सहित, दालों की कमी का सामना करना पड़ सकता है। इस साल अरहर के उत्पादन में करीब 10  लाख टन की कमी हो सकती है। कृषि मंत्रालय की वेबसाइट तीसरे अग्रिम अनुमान के जो आंकड़े दिखा रही ई उसके  अनुसार, फसल वर्ष 2020-21 के लिए अरहर का उत्पादन लगभग7 लाख टन और उड़द के 5.20 लाख टन कम होने की उम्मीद है। इसके साथ ही खरीफ का कुल उत्पादन 2.12 मिलियन टन कम रहने की उम्मीद है। यानी देश में दाल का उत्पादन घटने वाला है। कमोडिटी विशेषज्ञों का कहना है कि यह दाल की महंगाई को और बढ़ाने का काम करेगा। आने वाले महीनों में दाल की कीमतों में बड़ा उछाल आ सकता है अगर समय रहते कदम नहीं उठाया गया। आई पी जी ए के उपाध्यक्ष बिमल कोठारी ने कहा कि हमने सरकार को आपूर्ति बढ़ाने का सुझाव दे दिया है। उन्होंने बताया कि पिछले कुछ साल से दाल को लेकर लंबी अवधि को ध्यान में रखकर कोई पॉलिसी नहीं है। उन्होंने कहा कि एसोसीएशन ने सरकार से दलहन का आयात का फ्री करने का आग्रह किया है लेकिन इस शर्त पर की आयातित दाल की न्यनूतम लैंडिंग कीमत न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से अधिक हो। आई पी जीए के अनुसार, वित्त वर्ष 2015-16 के मध्य से देश में दलहन का उत्पादन बढ़कर 23 मिलियन टन हो गया है। हालांकि, मांग 25-26 मिलियन टन है। इस कमी को पूरा करने के लिए लगभग 2.5 मिलियन टन दलहन का आयात हर साल किया जाता है। साथ ही हमारी मांग हर साल 10 लाख टन बढ़ रही है। इस कमी को पूरा करने के लिए सिर्फ आयात पर निर्भरता करना ठीक नहीं है। देश में दलहन का उत्पादन बढ़ाने की जरूरत है लेकिन ऐसा नहीं हो पा रहा है। आई पी जीए के अनुसार, दाल के खुदरा कीमत और थोक और पूर्व-मिल दरों से औसतन 50  रुपये प्रति किलोग्राम से अधिक का अंतर है। वर्तमान समय में जब अरहर दाल का औसत थोक मूल्य लगभग 95 रुपये प्रति किलो, उड़द दाल का 110  रुपये प्रति किलो और मूंग दाल का 92  रुपये प्रति किलो है। वहीं, खुदरा मूल्य की बात करें तो अरहर की दाल के लिए 130 रुपये प्रति किलो, उड़द की दाल के लिए 160  रुपये प्रति किलो और मूंग की दाल के लिए 115  रुपये प्रति किलो उपभोक्ता को चुकाने पड़ रहे हैं।कम उत्पादन का अनुमान और वास्तविकता में बढ़ रही मांग के कारण देश में नये संकट आते दिख रहे हैं। सरकार को फौरन कुछ करना चाहिए।

# हमें जनगणना की जरूरत क्यों है

प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) घटकर 'एक्स' फीसदी हो गया है; 18 से 44 आयु-वर्ग में जोखिम का खतरा 'वाई' फीसदी रहता है; उत्तर प्रदेश में 'जेड' लाख ग्रामीणों को अब तक बिजली की सुविधा नहीं मिल सकी है- इस तरह की सुर्खियां आप रोजाना अखबारों में पढ़ते हैं। मगर क्या कभी आपने यह सोचा है कि भला कैसे कोई लेखक 'एक्स', 'वाई' या 'जेड' जैसे सटीक आंकड़े जान लेता है, जबकि इसके लिए संबंधित इलाके के हर व्यक्ति की गिनती भी नहीं की जाती? दरअसल, संबंधित इलाके, राज्य अथवा देश के कुछ लोगों से जानकारियां इकट्ठा करके यह आकलन किया जाता है, और आबादी के इस छोटे या सैंपल डाटा को दिखाने के लिए जिस बड़े आंकड़े को आधार बनाया जाता है, वह है देश की दशकीय जनगणना। 19वीं सदी के मध्य तक ईस्ट इंडिया कंपनी ने भारत पर करीब-करीब पूरा कब्जा कर लिया था। 1858 में, ब्रिटिश संसद में भारत सरकार अधिनियम, 1858 पारित किया गया, जिसके तहत भारतीय उपनिवेश का नियंत्रण कंपनी से लेकर ब्रिटिश राजशाही को सौंप दिया गया। मगर शासन स्थापित करने के लिए ब्रिटिश सरकार को लोगों और उनकी रिहाइश को लेकर विस्तृत और विश्वसनीय डाटा की जरूरत थी। आखिरकार, वह कैसे तय कर सकती थी कि उनकी महारानी ने भारत पर अपना प्रभुत्व कायम रखने के लिए जो अमानवीय टैक्स लगाया है, वह देश के हर निवासी से वसूला जाए?

औपनिवेशिक सत्ता को पता था कि क्या करना है। वह 1801 से ही इसे अपने यहां कर रही थी। इस कवायद को 'सेन्सस', यानी जनगणना कहा गया, जो लैटिन शब्द 'सेंसेर' से निकला है। रजिस्ट्रार जनरल ऐंड सेन्सस कमिश्नर के कार्यालय बनाए गए और 1881 में भारत में पहली बार जनगणना हुई। बेशक जनगणना का मूल उद्देश्य जबरन वसूली की मंशा को पूरा करना था, लेकिन इसका लाभ कई विभागों को मिला। शिक्षा विभाग ने प्राथमिक शिक्षा की अपनी योजना बनाने में इसका इस्तेमाल किया। लोक-निर्माण विभाग ने इसका उपयोग सड़क नेटवर्क की योजना बनाने में किया। बिजली संयंत्र स्थापित करने और ग्रिड तक ट्रंक लाइन लगाने के लिए इसका इस्तेमाल किया गया। और, रेलवे ने पटरियां बिछाने की योजना बनाने में इसका उपयोग किया। जनगणना के आंकड़ों ने जैसे ही बुनियादी ढांचे को प्रभावित किया, लोगों की बड़े पैमाने पर आवाजाही बढ़ गई। बंबई, कलकत्ता और मद्रास जैसे बंदरगाह वाले शहरों का तेज विकास हुआ, क्योंकि रेल नेटवर्क से उन्हें निकट और सुदूर इलाकों से जोड़ा गया। औपनिवेशिक राज की कई परंपराएं 1947 के बाद भी कायम रहीं। सौभाग्य से जनगणना भी उनमें से एक है। अमूमन पांच या दस साल पर होने वाली जनगणना को राष्ट्रीय संसाधनों के इस्तेमाल के लिए अनिवार्य माना जाता है। अमेरिका दशक के अंत में जनगणना करता है, जो 2020 में कोविड-19 के बावजूद पूरा किया गया, तो चीन ने भी पिछले साल अपनी दशकीय जनगणना पूरी की है। भारत में पिछली बार 2010 में गिनती शुरू हुई थी, जो 2011 में पूरी हुई। अपने यहां इसका बुनियाद परिवार सर्वे है। मगर यह सर्वे पिछले साल जैसे मृतप्राय- रहा। अब तो हम 2021 के मध्य में आ चुके हैं, लेकिन जनगणना का अब तक कोई संकेत नहीं मिल रहा है। सवाल है, 2021 की जनगणना की परवाह आखिर हमें क्यों नहीं करनी चाहिए? पहली वजह, अब हम यह जानते हैं कि सरकार ने कोविड-19 वैक्सीन का जितना ऑर्डर दिया, वह आबादी के घनत्व को ध्यान में रखकर नहीं दिया जा सका था। जनगणना से न सिर्फ हमें यह पता होता है कि देश में कितने लोग रहते हैं, बल्कि उनकी उम्र, लिंग, मूल निवास, परिवार और शिक्षा का स्तर भी हम जान लेते हैं। वर्ष 2011 की जनगणना में ऐसे सभी विवरण मौजूद हैं, जनगणना होने पर 2021 में भी ये हमारे पास होते। दूसरा कारण, 2026 में अगली परिसीमन प्रक्रिया के खत्म होने पर लोकसभा में राजनीतिक संतुलन बदल जाएगा। यदि प्रतिनिधित्व का आधार जनसंख्या है, तो जिन राज्यों में जनसंख्या प्रबंधन की हालत खस्ता है (विशेष रूप से हिंदी पट्टी में), संसद में उनकी नुमाइंदगी काफी बढ़ जाएगी। दक्षिण व पश्चिम भारत को नुकसान होगा। जाहिर है, परिसीमन के लिए भी हमें जनगणना के तमाम पहलुओं पर गौर करना होगा। तीसरा, संघ और राज्यों के बीच कर राजस्व के बंटवारे की वित्त आयोग निगरानी करता है। वस्तु एवं सेवा कर, यानी जीएसटी इस वितरण को और विवादास्पद बना देता है। राजस्व के निर्धारण में भी जनसंख्या अहम भूमिका निभाती है। चौथा, देश में सांप्रदायिक राजनीति जारी है। कई नेता यह आरोप लगाते हैं कि बहुसंख्यक आबादी घट रही है और अल्पसंख्यकों की जनसंख्या तेजी से बढ़ रही है। जमीनी हकीकत जानने के लिए जनगणना एक अखिल भारतीय प्रक्रिया है। यह न सिर्फ हमें आबादी की संख्या बताती है, बल्कि जन्म व मृत्यु दर, प्रजनन दर, सकल और शुद्ध जन्म दर, नवजात मृत्यु दर और बाल मृत्यु दर जैसे आंकड़े भी हमारे सामने रखती है। ध्रुवीकरण की राजनीति को जनगणना बेपरदा कर सकती है। पांच, आर्थिक गतिविधियों को फिर से शुरू करने के लिए बुनियादी ढांचे में बड़े पैमाने पर निवेश की बात चल रही है। आखिर उन निवेशों का आधार क्या होगा? इससे जुड़े कई सवाल हैं, जैसे- अहमदाबाद से मुंबई के लिए बुलेट ट्रेन क्या एक अच्छी योजना है? किन रेल मार्गों को और मजबूत करने की दरकार है? सड़क, नदी, समुद्री और हवाई परिवहन के बुनियादी ढांचे को किस तरह से सुधारा जाना चाहिए? किसानों को अपनी उपज पर पर्याप्त फायदा कैसे मिलेगा? सबसे अच्छा मॉडल क्या है? जनगणना इन तमाम सवालों का उचित जवाब दे सकती है, जिससे योजनाकारों को यह पता चलेगा कि इन सबसे कौन लाभान्वित होगा, कितना होगा और किस कीमत पर होगा? और आखिरी कारण, सामाजिक जीवन में टीवी जिस तरह से शामिल है, उसे देखते हुए क्या हम यह कह सकते हैं कि बार्क रेटिंग चैनलों या टेलीविजन शो के देखने का असल पैटर्न बताती है? क्या 2021 में ग्रामीण दर्शक वाकई शहरी दर्शकों से ज्यादा हो जाएंगे? व्यूइंग पैनल द्वारा बार्क डाटा जमा करती है, और जनगणना के आधार पर रेटिंग तय करती है। जब जनसंख्या का आंकड़ा ही गलत है, तो रेंटिग क्या सही हो सकती है?

## सेवा के नाम पर जबरन वसूली

भारत में दुनिया के सबसे ज्यादा गरीब हैं और यह दुनिया की सबसे निजीकृत स्वास्थ्य व्यवस्थाओं में से एक है। भारत की राज्य और केंद्र सरकारें मिलकर स्वास्थ्य सेवा पर सकल घरेलू उत्पाद का 1.29 प्रतिशत से अधिक खर्च नहीं करतीं, जो कम आय वाले देशों की तुलना में भी बहुत कम है। यहां अमीर देशों को भूल ही जाइए, जो कम से कम सात प्रतिशत खर्च करते हैं। कोविड जैसी महामारी के दौरान यह उम्मीद थी कि केंद्र सरकार 2022 तक सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यय को सकल घरेलू उत्पाद का 2.5 प्रतिशत तक बढ़ाने के लिए अपनी राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति की प्रतिबद्धता को लागू करना शुरू कर देगी, पर यथार्थ इससे कोसों दूर है। यहां तक कि सरकार के आर्थिक प्रोत्साहन पैकेज 2020 में सार्वजनिक स्वास्थ्य (पीपीई, परीक्षण आदि के लिए 15 हजार करोड़ रुपये को छोड़कर) के लिए कुछ भी नहीं था और वित्त वर्ष 2021-22 में स्वास्थ्य बजट और भी कम हो गया (यदि हम टीकों की खरीद-राशि को निकाल लें)। यह सवाल उठता है - अगर सरकारें निजी क्षेत्र पर इतनी निर्भर हैं, तो जब निजी क्षेत्र का तौर-तरीका अनैतिक हो जाए, तब क्या सरकारों के पास कोई सहारा है? अधिकांश भारत में न तो केंद्र और न ही राज्य और न नागरिकों के पास इस तरह के लालच के खिलाफ कोई सहारा है। स्वास्थ्य देखभाल संविधान की राज्य सूची में है और भारत के केवल 11 राज्यों व सभी केंद्र शासित प्रदेशों (दिल्ली को छोड़कर) ने क्लिनिकल प्रतिष्ठान (पंजीकरण और विनियमन) अधिनियम, 2010 (सीईए) को अधिनियमित किया है। इस क्लिनिकल प्रतिष्ठान (केंद्र सरकार) नियम 2012 के अनुसार, नैदानिक प्रतिष्ठान दी जाने वाली हर प्रकार की सेवा के लिए प्रभारित दरों और एक विशिष्ट स्थान पर उपलब्ध सुविधाओं को प्रदर्शित करेंगे, पर दिल्ली में ही कोई ऐसा नहीं करता। यदि आप पहले से लैपटॉप की कीमत नहीं जानते हों, तो क्या लैपटॉप खरीदेंगे? नैदानिक प्रतिष्ठान राज्य सरकारों के परामर्श से केंद्र सरकार द्वारा जारी दरों की श्रेणी के अनुसार, हर प्रक्रिया के लिए दर की मांग करेंगे। मानक का अनुपालन सुनिश्चित करेगा कि सेवाओं के अनावश्यक संचालन से बचा जाए। पर सच यह है, ज्यादातर निजी अस्पताल मर्जी से पैसे वसूलते हैं। अधिनियम में यह भी है कि यदि पंजीकरण की शर्तों का पालन नहीं किया जाता, तो पंजीकरण रद्द करना, किसी भी समय संभव है। पर अगर भारत के अधिकांश राज्यों में यह कानून ही नहीं है, तो अस्पतालों/सेवा प्रदाताओं को मान्यता रद्द होने का क्या डर होगा? जब राज्य में सीईए लागू नहीं है, तब मरीजों का क्या होता है? जैसे-जैसे महामारी फैलती गई, भारत सरकार से निजी अस्पतालों में स्वास्थ्य देखभाल की बढ़ती लागत को नियंत्रित करने की मांग की गई। भारत में सार्वजनिक अस्पतालों की तुलना में लगभग दोगुने निजी अस्पताल हैं। देश की ग्रामीण आबादी के लगभग 85.9 प्रतिशत और शहरी आबादी के 80.9 प्रतिशत लोगों को स्वास्थ्य बीमा का लाभ नहीं मिलता। अधिकांश वेंटिलेटर केवल निजी अस्पतालों में उपलब्ध हैं और उसमें भी वे केवल सात राज्यों में केंद्रित हैं। ये सब कमियां हताश रोगियों को निजी स्वास्थ्य सेवा की ओर जाने के लिए मजबूर करती हैं। पश्चिम बंगाल ने घोषणा की कि कोविड-19 मामलों को संभालने वाले सार्वजनिक और निजी अस्पतालों में इलाज पूरी तरह से मुफ्त होना चाहिए, पर अधिकांश बड़े कॉरपोरेट निजी अस्पतालों ने असमर्थता जता दी। नई दिल्ली में निजी अस्पतालों को 60 प्रतिशत बेड रियायती दर पर देने को कहा गया, लेकिन तब भी कई रोगियों को बिना सब्सिडी वाले बिस्तर लेने के लिए मजबूर किया गया। बेंगलुरु, मुंबई और हैदराबाद जैसे शहरों के प्रशासन ने निजी अस्पतालों के खिलाफ सफलतापूर्वक कार्रवाई की है, जो अब उन रोगियों को रिफंड कर रहे हैं, जिनसे कोविड-19 उपचार के लिए अधिक शुल्क लिए गए थे। तेलंगाना ने ज्यादा वसूली की पहचान आसान बनाने के लिए मदबद्ध बिलिंग अनिवार्य कर दी है। महाराष्ट्र ने अपनी एकीकृत राज्य स्वास्थ्य बीमा योजना में निजी अस्पतालों की संख्या को दोगुना कर 1,000 कर दिया है और इसे एक लाख रुपये या उससे कम की वार्षिक आय वाले परिवारों तक बढ़ा दिया है। राज्य ने निजी अस्पतालों में कोविड और गैर-कोविड उपचार की लागत पर एक दर कैप भी लागू की है, यह एक उपाय है, जिसे पूरे देश में आजमाया जा रहा है। निजीकृत स्वास्थ्य देखभाल की कीमतों को विनियमित करना केंद्र सरकार के लिए आसान होना चाहिए। लेकिन सरकार ने अब तक व्यापक स्तर पर कुछ भी करने की कोशिश नहीं की है, हालांकि राज्य सरकारें महामारी में रेट कैपिंग के साथ प्रयोग कर रही हैं। दिल्ली में गृह मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि एक समिति ने दिल्ली के 350 निजी अस्पतालों में दरों पर लगाम की सिफारिश की थी - कोविड-19 रोगियों के लिए प्रतिदिन 10,000 रुपये, जिन्हें बिस्तर और व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण (पीपीई) की आवश्यकता होती है। गहन देखभाल इकाई (आईसीयू) में भर्ती होने की जरूरत वाले लोगों के लिए 15,000 रुपये; और वेंटिलेटर सपोर्ट की जरूरत वाले लोगों के लिए 18,000 रुपये तय किए गए थे।

# जान से ज्यादा कीमती नहीं परीक्षा

बारहवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा (विशेषकर सीबीएसई) को रद्द करने का फैसला इस समय उपलब्ध सभी विकल्पों में सबसे अच्छा माना जाएगा। यह अत्यंत साहसिक निर्णय है, जो देश की संवेदनशीलता को भी दिखाता है। हम सब जानते हैं कि 12वीं के तकरीबन 1.5 करोड़ परीक्षार्थियों में से कई अगले दसेक वर्षों में देश के विभिन्न स्थानों पर ऊंचे पदों पर निर्णय लेने वाली स्थिति में होंगे। इसलिए उनका भविष्य सुरक्षित रहना ही चाहिए। चूंकि अभी हम कोरोना रूपी अदृश्य शत्रु के खिलाफ युद्ध लड़ रहे हैं, जिसका चरित्र अब भी पूरी तरह से सुलझा नहीं है, इसलिए बच्चों की सुरक्षा से बड़ा कोई दूसरा लक्ष्य अभी हो नहीं सकता। हां, बच्चों को यह चिंता जरूर होगी कि अगर उन्होंने सुनिश्चित परंपरागत परीक्षा नहीं दी, तो उन्हें संभवत- दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। हो सकता है कि विश्वविद्यालयों में प्रवेश में उन्हें कठिनाई हो, या प्रतियोगी परीक्षाओं में उन्हें मुश्किल पेश आए। लेकिन धीरे-धीरे बच्चे समझ जाएंगे कि सुरक्षा के सामने ये सभी कठिनाइयां छोटी हैं, और इस समय का उपयोग करने के लिए कई ऐसे विकल्प उनके पास हैं, जिनके बारे में उन्हें मिल-बैठकर चर्चा करनी चाहिए। पिछले कुछ महीनों में देश किन कठिन परिस्थितियों से गुजरा है, यह हर कोई जानता है। कोरोना के कारण लोग दुखी हुए, परिवार कष्ट में रहे और समाज परेशान हुआ। हमने नकारात्मकता भी देखी, जहां कुछ लोग केवल आलोचक की भूमिका में रहे और सकारात्मकता को भी सराहा, जहां व्यक्तिगत, सामाजिक और संस्थागत रूप में लोगों ने एक-दूसरे की मदद की। इससे सबक लेते हुए बच्चों को अपनी चिंता से बाहर निकलना चाहिए। उन्हें न सिर्फ दूसरों की मदद करनी चाहिए, बल्कि नकारात्मक प्रवृत्तियों से भी बाहर निकलने की कोशिश करनी चाहिए। इस समय का सदुपयोग उन्हें यह सीखने के लिए करना चाहिए कि अचानक सामने आई बड़ी से बड़ी समस्या का किस तरह से सामना किया जाता है? यह 'कॉन्फ्लिक्ट रिजोल्यूशन' के गुर सीखने का समय है। तनाव, दबाव का बखूबी सामना करने का कौशल  बच्चों को अभी सीखना चाहिए। उन्हें सरकार के इस फैसले का सार समझना चाहिए। हालांकि, उनके पास यह विकल्प भी है कि हालात सामान्य होने के बाद वे परीक्षा दे सकते हैं, इसलिए अभी ज्यादा तनाव पालने का कोई मतलब नहीं है। अब सवाल यह है कि बच्चों में सकारात्मकता आएगी कैसे? कई बच्चे यह मानते हैं कि अब तक वे पाठ्य-पुस्तक और स्कूली परीक्षाओं के दायरे में ही आगे बढ़े हैं। जीवन में पहली बार वे इस बंधन से बाहर निकल सकते हैं। जैसे, अगले कुछ महीनों का वक्त अलग-अलग विधा की किताबें पढ़ने में लगाया जा सकता है। विज्ञान के विद्यार्थी चाहें, तो समाज विज्ञान की किताबें पढ़ सकते हैं। शैक्षणिक डिग्री बेशक जरूरी हैं, लेकिन इतिहास, विरासत, भूगोल, सामाजिक संबंध आदि की समझ भी जरूरी है। वैसे भी, बंधन मुक्त पढ़ना काफी आनंददायक होता है, और 12वीं के बच्चों के पास संभवत- जीवन का यह पहला मौका होगा, जब वे बिना किसी बंधन के अलग-अलग विधा की किताबें पढ़कर आनंद का अनुभव कर सकते हैं। बच्चों को 'लाइफ लॉन्ग लर्निंग' का महत्व भी सीखना चाहिए। आज पूरा विश्व मानता है कि इसके बिना कोई दूसरा रास्ता नहीं है। परीक्षाएं हम भले ही पास कर लें, लेकिन जो ज्ञान हम प्राप्त करेंगे, वह अगले दो-चार साल बाद हमारे जीवन में कितना काम आएगा, यह समझ आवश्यक है। जैसे, 40-50 साल पहले यदि कोई टाइप राइटर सीख लेता था, तो वह कौशल कई वर्षों तक उसके काम आता था, लेकिन आज हमें यह नहीं पता कि जो कंप्यूटर हमारे हाथों में है, उसका सॉफ्टवेयर छह महीने तक भी हमारे काम का होगा अथवा नहीं? बच्चों को यह समझना चाहिए कि परिवर्तन की यह गति लगातार बढ़ती जाएगी। उन्हें अपने कौशल को निखारते हुए हमेशा कुछ-न-कुछ नया सीखना होगा, तभी उनका जीवन आगे बढ़ सकेगा। बच्चों के पास अभी यह जानने का मौका है कि इस कौशल-विकास की प्रक्रिया में वे नया क्या और कैसे सीख सकते हैं? बच्चों को इन दिनों यह भी देखा होगा कि समाज कैसे ड्डएक-दूसरे की मदद कर रहा है। सहयोग और सेवा की यह भावना अदृश्य जरूर है, लेकिन महत्वपूर्ण है। हम यह साफ-साफ देख सकते हैं कि जो देश अनुशासन की बात करता है, ज्ञान की वकालत करता है, बच्चों के लिए संवेदनशील होता है और उनके विकास के लिए रास्ता तैयार करता है, वही तरक्की करता है। हमें यह सीख जीवनपर्यंत याद रखनी चाहिए। हमें न सिर्फ साथ-साथ रहना सीखना होगा, बल्कि सभी संस्कृतियों और देशों के बारे में भी जानना होगा। बोर्ड परीक्षा रद्द होने के बाद अब आंतरिक मूल्यांकन के आधार पर परिणाम घोषित किए जाएंगे। इसको लेकर भी हमारे बच्चों को बिल्कुल चिंता नहीं करनी चाहिए। सीबीएसई और अन्य सभी बोर्डों के पास ऐसे विशेषज्ञ हैं, जो जानते हैं कि इस विपरीत परिस्थिति में क्या किया जा सकता है? पहले भी कई बार ऐसा हुआ है, जब किसी न किसी कारण से परीक्षा की कॉपियां नष्ट हो गईं। तब, वैज्ञानिक आधार पर बनाए गए तरीकों से बच्चों का मूल्यांकन किया गया। हमारे विशेषज्ञ इस बार भी ऐसा कोई रास्ता मिल-बैठकर निकाल लेंगे। मुमकिन है कि विश्वविद्यालय की प्रवेश परीक्षा के नियमों में भी आवश्यक संशोधन हो। इसलिए सभी प्रकार नकारात्मकता को पीछे छोड़ते हुए बच्चे नए-नए ज्ञान अर्जित करें और सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ें। हमें यह भी समझना होगा कि शिक्षा की गतिशीलता ही उसकी उपयोगिता निर्धारित करती है और मानव को उसके लक्ष्यों की ओर ले जाती है। हमारी नई शिक्षा नीति में इस तरह की बातों का ख्याल रखा गया है। अगर यह लागू हो चुकी होती, तो बच्चों का सतत मूल्यांकन हम आसानी से कर पाते। मगर दुर्भाग्य है कि हमारे सभी स्कूलों में ऐसी व्यवस्था नहीं है। अगर पूरे देश में उचित अनुपात में शिक्षक हों, समाज का व्यवस्था पर विश्वास हो और अध्यापकों को पढ़ाने के अलावा किसी दूसरे कामों में न लगाया जाए, तो निश्चय ही अध्यापकों का मूल्यांकन सभी को स्वीकार्य होगा। सिद्धांत यही कहता है कि बच्चे का असल मूल्यांकन वही कर सकता है, जो उसे पढ़ाता हो। उम्मीद है, मौजूदा असामान्य परिस्थितियों से सबक लेते हुए हम भविष्य के ऐसे हालात का सामना करने के लिए तैयार हो सकेंगे।



# जब साड़ी छोड़ श्वेता तिवारी ने पहनी बिकिनी



प्रतापगढ़ की एक आम सी लड़की एक दिन इतनी बड़ी स्टार बन जाएगी ये किसने सोचा था लेकिन स्टारडम और फेम अपने साथ बहुत सारी मुश्किलें भी लेकर आते हैं। श्वेता तिवारी स्टार तो बन गई लेकिन विवादों ने उनका पीछा कभी नहीं छोड़ा। कभी अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर तो कभी अपने बयानों को लेकर श्वेता तिवारी लगातार सुर्खियों में बनी रहीं। श्वेता तिवारी आज (4 अक्टूबर) को अपना 42वां बर्थडे सेलिब्रेट कर रही हैं। श्वेता तिवारी ने उस वक्त अपने सभी फैंस को शॉक दे दिया था जब एक टीवी शो में वह साड़ी छोड़कर बिकिनी पहने नजर आईं। श्वेता तब तक टीवी शोज में संस्कारी बहू वाले किरदार निभा रही थीं और फिर जब अचानक फैंस ने उन्हें इस अंदाज में देखा तो शॉक्ड हो गए। सोनी पर आए टीवी शो इस जंगल से मुझे बचाओ में एक्ट्रेस खुले में बिकिनी पहनकर नहाते हुए नजर आई थीं। ये क्लिप इंटरनेट पर खूब वायरल हुआ था। श्वेता तिवारी का विवादों से पुराना नाता रहा है। पहले राजा चौधरी और फिर अभिनव कोहली के साथ शादी के बंधन में बंधीं श्वेता तिवारी की जिंदगी में कुछ ना कुछ ऐसा हो ही जाता है जिसके चलते वह खबरों में बनी रहती हैं। श्वेता तिवारी यूं तो अपनी भाषा पर संयम रखने के लिए जानी जाती हैं लेकिन एक मीडिया इवेंट में उन्होंने कुछ ऐसा कह दिया था कि जमकर बवाल हुआ। बात एक ओटीटी प्रोजेक्ट के प्रमोशन इवेंट की है जिसमें श्वेता तिवारी भी मौजूद थीं। सीरीज में श्वेता तिवारी के साथ भी काम किया था और ये तीनों उस वक्त प्रमोशन इवेंट में श्वेता तिवारी के साथ ही मौजूद थे। भगवान कृष्ण का किरदार निभा चुके सौरभ राज को लेकर जब हंसी मजाक चल रहा था तो श्वेता ने एक विवादित बयान दिया। श्वेता तिवारी ने सौरभ राज द्वारा निभाए गए कृष्ण के किरदार को अपनी वेब सीरीज वाले उनके रोल से जोड़ते हुए कहा- मेरी ब्रा का साइज भगवान ले रहे हैं। श्वेता के इस बयान पर खूब हल्ला हुआ। मध्य प्रदेश के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने इस मामले का संज्ञान लेते हुए इसकी निंदा की और कहा कि भोपाल पुलिस कमिश्नर को इस बारे में एक रिपोर्ट सबमिट करने को कहा गया है जिसके बाद इस पर एक्शन लिया जाएगा।

# इस बैंक में नौकरी कर चुकी हैं सोहा अली खान



बॉलीवुड एक्टर सैफ अली खान की बहन सोहा अली खान पटौदी आज (4 अक्टूबर) को अपना 44वां बर्थडे सेलिब्रेट कर रही हैं। सोहा अली खान भले ही अब बड़े पर्दे पर उतनी एक्टिव नहीं हैं लेकिन हाल ही में रिलीज हुई उनकी वेब सीरीज हश हशकाफी चर्चा में बनी हुई है। सोहा अली खान की लाइफ काफी इंट्रेस्टिंग रही है और उन्होंने अपने अभी तक के करियर में कई नई तरह की चीजें ट्राय की हैं। कम लोग जानते हैं कि सोहा ने हिंदी, बंगाली और अंग्रेजी फिल्मों तक में काम किया है। शर्मिला टैगोर और मंसूर अली खान पटौदी की बेटी सोहा के बारे में ये बात ज्यादा लोग नहीं जानते कि सोहा ने दिल्ली के एक ब्रिटिश स्कूल से अपनी पढ़ाई पूरी की थी और इसके बाद वो पढ़ने के लिए लंदन में ऑक्सफोर्ड चली गई थीं। जहां बॉलीवुड में एक्टर बने ज्यादातर लोग पढ़ाई छोड़कर एक्टर बनते हैं वहीं सोहा का पूरा ध्यान अपनी पढ़ाई पर था। वह पढ़ाई में बहुत अच्छी हैं और ऑक्सफोर्ड से पढ़ने के बाद वह लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स एंड पॉलिटिकल साइंस से फॉरेन रिलेशन्स की डिग्री पाने चली गईं। सोहा की बड़ी बहन सबा अली खान ज्वैलरी डिजाइनर हैं। वो एक डायमंड चेन भी चलाती हैं। मां एक्ट्रेस और पिता क्रिकेटर, लेकिन पढ़ाई पूरी करने के बाद सोहा अली खान ने कुछ वक्त के लिए एक बैंक में नौकरी की थी। जी हां, खबरों की मानें तो सोहा ने कुछ वक्त तक फोर्ड फाउंडेशन और सिटीबैंक में काम किया है। लेकिन सोहा की जिंदगी अभिनय की दुनिया से ज्यादा वक्त दूर नहीं रह पाई। साल 2004 में उन्होंने बंगाली फिल्म इति श्रीकांता के जरिए सिनेमा जगत में अपना पहला कदम रखा।

# 'माथे पर तिलक नहीं, आतंकी खिलजी जैसा' सैफ अली खान के लुक पर भड़की हिंदू महासभा

प्रभास, कृति सेनन और सैफ अली खान की मुख्य भूमिका वाली फिल्म 'आदिपुरुष' का टीजर रविवार को रिलीज कर दिया गया। टीजर को लेकर फिल्म मेकर्स को ट्रोल किया जा रहा है। इसके वीएफएक्स पर सोशल मीडिया यूजर्स खूब मीम्स शेयर कर रहे हैं। टीजर के आने के साथ इसकी आलोचना भी होने लगी है। सैफ अली खान के रावण के लुक को लेकर विवाद बढ़ता दिख रहा है। अब इस पूरे विवाद में हिंदू महासभा और बीजेपी भी शामिल हो गई है। आदिपुरुष की कहानी रामायण पर आधारित है। सैफ अली खान फिल्म में रावण का किरदार कर रहे हैं। अखिल भारत हिंदू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी चक्रपाणि महाराज ने सैफ के लुक पर नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने कहा कि हिंदू धर्म के जो पौराणिक चरित्र हैं उनसे छेड़छाड़ सहा नहीं जाएगा। चक्रपाणि महाराज ने कहा, 'भगवान शिव के अनन्य भक्त लंकापति रावण की भूमिका में दक्षिण भारत की फिल्म आदि पुरुष में सैफ अली खान का चित्रण ऐसे किया गया है जैसे इस्लामिक आतंकी खिलजी या चंगेज खान या औरंगजेब है, माथे पर ना ही तिलक है ना ही त्रिपुंड, हमारे पौराणिक चरित्रों के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं।' बीजेपी की प्रवक्ता मालविका अविनाश ने भी रावण के लुक पर आपत्ति जताई। उन्होंने एक पोस्ट शेयर कर कहा, 'लंका के रहने वाले रावण एक शिव भक्त थे, जिन्होंने 64 कलाओं में महारत हासिल की थी। जय (विजय) जो वैकुंठ की रक्षा कर रहा था एक श्राप के कारण रावण के रूप में अवतरित हुआ। यह तुर्की तानाशाह हो सकता है लेकिन रावण नहीं है। बॉलीवुड हमारे रामायण/इतिहास को गलत तरीके से पेश करना बंद करे। क्या आपने कभी दिग्गज एनटीरामाराव के बारे में सुना है।

# कार्तिक पूर्णिमा पर उमड़ा आस्था का सैलाब लोगों ने गंगा में लगाई आस्था की डुबकी



**लखनऊ।** कार्तिक पूर्णिमा पर सारे देश की तरह उत्तर प्रदेश में भी गंगा और अन्य पवित्र नदियों के घाटों पर मंगलवार को आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। बड़ी संख्या में लोगों ने इस मौके पर गंगा में डुबकी लगाई और सुख-समृद्धि की कामना की। कार्तिक पूर्णिमा पर तुलसी की पूजा और गंगा स्नान करने का विशेष महत्व बताया गया है। इस मौके पर रुहेलखंड के सुप्रसिद्ध मेला ककोा में ब्रह्ममुहूर्त से गंगा स्नान का सिलसिला जारी है। अब तक एक लाख से अधिक श्रद्धालु गंगा में आस्था की डुबकी लगा चुके हैं। मेला ककोड़ा में बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, बदायूं के अलावा एटा, कासगंज, फर्रुखाबाद, अलीगढ़, मैनपुरी आदि से आधी रात तक श्रद्धालु निजी वाहन एवं रोडवेज, प्राइवेट बसों के जरिए मेला पहुंचते रहे। मेला पहुंचे श्रद्धालुओं ने यहां आयोजित सांस्कृतिक एवं लोक कार्यक्रमों का लुफ्त उठाया। रात्रि में मेला रंगीन लाइटों से अनोखी छठा बिखेर रहा था। मुख्य दो स्नान घाट को भी सुंदर ढंग से सजाया गया था। ब्रह्ममुहूर्त से श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान करना शुरू कर दिया। अब तक एक लाख से अधिक श्रद्धालु गंगा स्नान और पूजन कर पुण्य लाभ अर्जित कर चुके हैं। श्रद्धालु गंगा स्नान के बाद घाट किनारे बैठे जरूरतमंद लोगों के लिए दान पुण्य कर रहे हैं। स्नान के उद्देश्य से मेला गए श्रद्धालु गंगा स्नान के बाद मेला में खरीदारी कर घर वापस लौट रहे हैं। वहीं परिवार संग रुकने के लिए पहुंचे श्रद्धालु मेला में ही डेरा डाले हुए हैं। डीएम मनोज कुमार ने बताया कि मेला ककोड़ा में ब्रह्ममुहूर्त से गंगा स्नान का सिलसिला शांतिपूर्ण ढंग से जारी है। गंगा स्नान को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष आस्था देखने को मिल रही है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए मुख्य स्नान घाट के आसपास गंगा में बेरिकेडिंग कराई गई है। किसी भी प्रकार की स्थिति से निपटने के लिए जगह-जगह मोटरवोट पर जल पुलिस के अलावा स्थानीय गोताखोर अपनी नाव लेकर तैनात हैं। डीएम मनोज कुमार, एसएसपी डॉ. ओपी सिंह, सीडीओ ऋषिराज समेत अन्य जिला स्तरीय अधिकारी रात भर मेला में डेरा डाले रहे। इन्होंने मेला का भ्रमण करने के साथ ही मुख्य स्नान घाट पर व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया। कादरचौक से लेकर मेला तक जगह-जगह जाम की समस्या बनी हुई है। ऐसे में श्रद्धालुओं के वाहन फंस गए हैं, जिसकी वजह से उन्हें दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। पुलिस द्वारा जाम खुलवाने का प्रयास जारी है। मिर्जापुर के कोलाघाट पुल पर हजारों लोग रेंग-रेंग कर बाइक से निकल रहे हैं। पुल के दोनों तरफ संकरा रास्ता होने की वजह से लम्बा जाम लग गया है। केवल बाइक वालों को ही आने जाने की अनुमति है। लोग गंगा घाट जा रहे हैं। कार्तिक पूर्णिमा के मौके पर बरेली के रामगंगा में भी मंगलवार को हजारों श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाई। आधी रात के बाद से ही स्नान पर्व पूरे उल्लास के साथ शुरू हो गया था। लोगों की भारी भीड़ रामगंगा तट पर जुटी। लोगों ने श्रद्धापूर्वक रामगंगा में स्नान किया और तट किनारे पूजन किया। लोगों ने संकल्प लिया और जरूरतमंदों को दान दिया। रामगंगा तट पर मेले जैसा माहौल रहा। सुरक्षा के लिए पुलिस के जवान तट पर तैनात रहे।

# ईडब्ल्यूएस कोटा 100 साल की लड़ाई को झटका, फिर डालेंगे अर्जी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट की ओर से ईडब्ल्यूएस कोटे को वैध और संवैधानिक बताए जाने का भाजपा, कांग्रेस समेत सभी दलों ने स्वागत किया है। एकमात्र दल डीएमके की ओर से इसका तीखा विरोध किया गया है। तमिलनाडु की सत्ता पर काबिज डीएमके के नेता स्टालिन ने कहा कि हम इस फैसले के खिलाफ पुनर्विचार याचिका डालेंगे। उन्होंने कहा कि हम अपने वकीलों से राय ले रहे हैं और इसके खिलाफ फिर से अदालत जाएंगे। एमके स्टालिन ने इस फैसले को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि इससे एक सदी से चली आ रही सामाजिक न्याय की लड़ाई को धक्का लगा है। उन्होंने इसके खिलाफ सभी लोगों से एकजुट होने की भी अपील की। तमिलनाडु की डीएमके सरकार इस मामले में एक पार्टी थी। उसने अपने राज्य में ईडब्ल्यूएस कोटे के तहत नौकरी न देने का फैसला लिया था और सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। डीएमके के सहयोगी नेता टी. तिरुमावलन ने भी कहा है कि पार्टी की ओर से अदालत में पुनर्विचार के लिए अर्जी डाली जाएगी। स्टालिन ने कहा कि यह फैसला सामाजिक न्याय के लिए चल रही हमारी एक सदी की लड़ाई को धक्के की तरह है। उन्होंने कहा कि संविधान में



आरक्षण के लिए पहला संशोधन कराने वाले सभी संगठनों और समान विचारधारा वाले राजनीतिक दलों को एकजुट होना होगा। तभी हम इस मामले में अपना पक्ष रख सकते हैं। स्टालिन ने कहा कि यह वक्त है, जब हमें सामाजिक न्याय के लिए फिर से एकजुट होना होगा। डीएमके की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता पी. विल्सन ने कहा कि आरक्षण का अर्थ सामाजिक न्याय से है। इसके तहत आर्थिक न्याय करने की भावना नहीं था। उन्होंने कहा, आरक्षण का मकसद यह था कि उन लोगों को शिक्षण संस्थानों और नौकरियों में समान अवसर मिल सकें, जिनके साथ ऐतिहासिक रूप से अन्याय हुआ है। डीएमके के वकील ने कहा कि सिर्फ गरीबी के आधार पर आरक्षण की व्यवस्था नहीं की जा सकती। गौरतलब है कि ईडब्ल्यूएस कोटे का संसद में भी डीएमके और आरजेडी ने विरोध किया था। इसके अलावा अन्य सभी दलों ने समर्थन किया था।

# महाराष्ट्र में कांग्रेस-उद्धव की बड़ी तैयारी, भारत जोड़ो यात्रा में राहुल संग दिखेंगे आदित्य ठाकरे



**मुंबई।** राहुल गांधी के नेतृत्व में चल रही कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा में आदित्य ठाकरे के शामिल होने की उम्मीद है। उद्धव ठाकरे के गुट वाली शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे के एक नेता ने यह जानकारी दी। कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा के सोमवार रात को महाराष्ट्र में प्रवेश किया। शिवसेना नेता सचिन अहीर ने कहा कि आदित्य ठाकरे मराठवाड़ा क्षेत्र का दौरा कर रहे हैं और कांग्रेस की यह यात्रा भी इसी क्षेत्र से होकर गुजरेगी। सचिन अहीर ने कहा कि आदित्य ठाकरे के भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है। इस संबंध में पार्टी प्रमुख उद्धव ठाकरे से चर्चा करने के बाद ही फैसला लिया जाएगा। संयोग से, इस समय आदित्य ठाकरे मराठवाड़ा क्षेत्र का भी दौरा कर रहे हैं। और यह देखने की कोशिश की जा रही है कि क्या कांग्रेस की यात्रा आदित्य ठाकरे के कार्यक्रम से मेल खा सकती है। शिवसेना नेता ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा के पीछे का विचार सभी को एक साथ लाना है और जाने-अनजाने समाज के हर वर्ग के लोग इसका समर्थन कर रहे हैं। अगर वे महाराष्ट्र आ रहे हैं तो इसका स्वागत किया जाना चाहिए।

# खतौली में भी 5 दिसम्बर को उपचुनाव, बीजेपी विधायक विक्रम सैनी ने सजा पाकर गंवाई है सीट

**लखनऊ।** बीजेपी विधायक विक्रम सैनी की विधायकी जाने से खाली हुई यूपी के मुजफ्फरनगर जिले की खतौली विधानसभा सीट पर भी 5 दिसम्बर को ही उपचुनाव होगा। इसी दिन सपा संस्थापक मुलायम सिंह के निधन से खाली हुई मैनपुरी संसदीय और हेट स्पीच मामले में आजम खां के सजा पाने से खाली हुई रामपुर विधानसभा सीट पर भी वोट डाले जाएंगे। चुनाव आयोग ने मैनपुरी और रामपुर का चुनाव कार्यक्रम पहले ही घोषित कर चुका है। खतौली सीट को भी 11 अक्टूबर से खाली मानते हुए सोमवार को अधिसूचना जारी की गई गई थी। अब नामांकन से लेकर मतदान और मतगणना की तारीखों का ऐलान हुआ है।

घोषित कार्यक्रम के अनुसार खतौली उपचुनाव की मतगणना भी आठ अक्टूबर को कराई जाएगी। 18 वीं विधानसभा में अब तो दो विधायकों की सदस्यता खत्म हो चुकी है। विधानसभा के प्रमुख सचिव प्रदीप दुबे ने विधिक राय मिल जाने के बाद खतौली सीट रिक्त घोषित करने का निर्णय लिया और सोमवार को अधिसूचना जारी कर दी। इसमें कहा गया है कि एमपी एमएलए कोर्ट ने विक्रम सैनी को दो साल की सजा और 5000 रुपये का जुर्माना लगाया गया है। अत- चुनाव आयोग के पत्र द्वारा दी सूचना के हिसाब से सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के आलोक में विक्रम सैनी 11 अक्तूबर 2022 से अयोग्य माने जाएंगे और उनकी सीट रिक्त घोषित हो गई है। बता दें कि मुजफ्फरनगर के दंगों के मामले में विक्रम सैनी को दो साल की सजा सुनाई गई। इससे पहले आजम खां की रामपुर सीट से सदस्यता भी जा चुकी है। इस सीट पर अब उपचुनाव होने जा रहा है। रामपुर में उपचुनाव की अधिसूचना जारी कर दी गई है। रामपुर में भी पांच दिसंबर को वोट डाले जाएंगे। मुजफ्फरनगर दंगे के दौरान कवाल में सचिन और गौरव की हत्या के अगले दिन दो पक्षों के बीच हुए बवाल में नामजद खतौली विधायक विक्रम सैनी समेत 12 लोगों को अदालत ने दोषी करार दिया था। एडीजे कोर्ट ने इन सभी को दो-दो साल कारावास एवं 10-10 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई थी। जमानत पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने सभी को 25 25 हजार रुपये के बंधपत्र पर जमानत दे दी थी। साक्ष्य के अभाव में 15 आरोपियों को बरी कर दिया गया है जबकि एक आरोपी की मौत हो चुकी है। मुकदमे की सुनवाई अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश संख्या-4 गोपाल उपाध्याय की कोर्ट में हुई। अधिवक्ता के अनुसार कोर्ट ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद विधायक विक्रम सैनी सहित 12 आरोपियों को विभिन्न आरोपों में दोषी ठहराया, जबकि इन सभी को धारा 307 के आरोपों से बरी कर दिया। कोर्ट ने विधायक विक्रम सैनी समेत 12 लोगों को दो-दो साल की कारवास एवं 10 10 हजार का अर्थदंड भी लगाया है। अस मामले में 15 आरोपियों को साक्ष्यों के अभाव में बरी कर दिया गया। विधायक विक्रम सिंह के अधिवक्ता भरतवीर अहलावत ने बताया कि उनकी ओर से कोर्ट में जमानत अर्जी दाखिल की गई। जिस पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने उन्हें जमानत दी थी। 27 अगस्त 2013 को कवाल कांड के बाद 28 अगस्त की शाम कवाल में तोड़फोड़ और मारपीट हुई थी। बाद में 29 अगस्त को दोनों पक्षों में झगड़ा हो गया था। इस मामले में जानसठ पुलिस ने विधायक विक्रम सैनी समेत 28 लोगों को आरोपी बनाकर विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। इनमें से एक आरोपी की मृत्यु हो चुकी है। खतौली के भाजपा विधायक विक्रम सिंह सैनी लगातार दूसरी बार विधायक बने थे। पहली बार 2017 में उन्होंने सपा के चंदन सिंह चौहान को 31,374 वोट से हराया था। वहीं 2022 में विक्रम सैनी, रालोद के राजपाल सिंह सैनी को 16,345 वोट से हराकर विजयी हुए।

# डॉक्टरों ने मेरे पैर से तीन गोलियां निकाली इमरान खान ने पाक सरकार की खोली पोल

नई दिल्ली। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने कहा है कि गुजरांवाला में हुई राजनीतिक रैली में उन पर हुए हमले के बाद सर्जरी में उनके दाहिने पैर से तीन गोलियां निकाली गई। पीटीआई प्रमुख ने सीएनएन को दिए साक्षात्कार के दौरान लाहौर के जमान पार्क में अपने आवास से बोलते हुए ये दावे किए हैं। सीएनएन ने इमरान खान के हवाले से कहा, उन्होंने मेरे दाहिने पैर से तीन गोलियां निकालीं। बाईं ओर कुछ छर्रे थे जिन्हें उन्होंने अंदर छोड़ दिया है।इमरान खान ने यह भी कहा है कि हमले की उन्हें पूर्व में ही सूचना मिल गई थी। खुफिया एजेंसियों ने उन्हें इसके बारे में जानकारी दी थी। इमरान खान कहते हैं, याद रखें, साढ़े तीन साल मैं सत्ता में था। मेरे पास खुफिया एजेंसियों, विभिन्न एजेंसियों के साथ मेरे अभी भी संबंध हैं। इमरान खान ने आगे दावा किया कि उनके खिलाफ पूरी हत्या की साजिश की कल्पना दो महीने पहले की गई थी। एआरवाई न्यूज ने सोमवार को सीएनएन के साथ इमरान खान के साक्षात्कार के हवाले से बताया। उन्होंने कहा, यह सब तब शुरू हुआ जब मुझे पीएम पद से निकाल दिया गया था और तब से यह उम्मीद की जा रही थी कि मेरी पार्टी अलग हो जाएगी, लेकिन इसके बजाय जो हुआ वह यह कि एक बड़ी सार्वजनिक



प्रतिक्रिया हुई और मेरी पार्टी को अपार जनसमर्थन मिला। एआरवाई न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, इमरान खान ने दावा किया कि मौजूदा सरकार ने उन पर हमले की योजना बनाई थी और यह दिखाना चाहते थे कि एक धार्मिक कट्टरपंथी ने ऐसा किया। उन्होंने कहा, यह एक सुनियोजित हत्या का प्रयास था। मैं पहले से ही ऑन एयर हो गया था और चेतावनी दी थी कि ऐसा ही होगा। गौरतलब है कि इससे पहले इमरान खान ने देश के राष्ट्रपति आरिफ अल्वी को एक पत्र लिखा, जिसमें उन्होंने ÷सत्ता के दुरुपयोग और कानूनों और संविधान के उल्लंघन÷ के खिलाफ कार्रवाई करने को कहा। इमरान ने पत्र में लिखा, कोई भी व्यक्ति या राज्य संस्था देश के कानून से ऊपर नहीं हो सकता है। हम राज्य के संगठनों के भीतर दुष्ट तत्वों के हाथों नागरिकों के साथ बड़े पैमाने पर दुर्व्यवहार देख रहे हैं, जिसमें हिरासत में यातना और अपहरण शामिल हैं। खान ने अल्वी को लिखे एक पत्र में लिखा है कि मैं आपसे अनुरोध कर रहा हूं कि सत्ता के दुरुपयोग और हमारे कानूनों और संविधान के उल्लंघन को रोकने के लिए अभी कार्रवाई करें, जो हर नागरिक के मौलिक अधिकारों को सुनिश्चित करता है।

# मुलायम के रहते दिल्ली तक मशहूर थे मैनपुरी में सपा की बादशाहत के किस्से

**मैनपुरी।** सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव के निधन के बाद मैनपुरी लोकसभा सीट के लिए उपचुनाव कराए जा रहे हैं। मैनपुरी की जनता 5 दिसम्बर 2022 को अपना नया सांसद चुनेगी। इस लोकसभा सीट पर सपा की बादशाहत के किस्से दिल्ली तक सुने और सुनाए जाते थे। यह पहला मौका है जब समाजवादी पार्टी को इस सीट पर भी चुनौती मिलती दिख रही है। विरासत की जंग में मैनपुरी से सपा का योद्धा कौन होगा इस बारे में अखिलेश यादव ने अभी तक अपने पत्ते नहीं खोले हैं। दूसरी तरफ गोला गोकर्णनाथ सीट पर हुए उपुचनाव में हार के बाद विरोधियों को सपा की क्षमता पर सवाल उठाने का मौका मिल गया है। यहां तक कि सोमवार को बसपा सुप्रीमो मायावती ने मैनपुरी का हवाला देते हुए दो ट्वीट करके सपा की जीत पर अपना शक जाहिर किया। उन्होंने ट्वीट में कहा कि आजमगढ़ की तरह सपा के सामने पुरानी सीट को बचाने की चुनौती रहेगी। देखना होगा कि सपा ये सीट भाजपा को हराकर जीतेगी या फिर सपा भाजपा को हराने में सक्षम नहीं है ये फिर से साबित हो जाएगा। इस ट्वीट को लेकर चर्चा है कि बसपा सुप्रीमो ने मैनपुरी चुनाव न लड़ने का फैसला कर लिया है। इस संबंध में जिले के बसपाई खामोश हैं और कुछ भी कहने से बच रहे हैं। लेकिन भगवा खेमा उपचुनाव की घोषणा के बाद से ही उत्साहित है। सोमवार को एक गेस्ट हाउस में भाजपा की एक बैठक हुई जिसमें उपचुनाव में जीत लिए पदाधिकारियों ने मंत्रणा की। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गोविंद भदौरिया, विधानसभा प्रभारी राहुल चतुर्वेदी और संयोजक अरुण प्रताप सिंह मौजूद रहे। नेताओं ने कहा कि कार्यकर्ता तैयारियों में जुट जाएं और पार्टी को जीत दिलाएं। उन्होंने उपचुनाव में बीजेपी को भारी जीत का भरोसा जताया। बता दें कि पिछले विधानसभा चुनाव से ही बीजेपी यूपी में सपा को एक के बाद झटके दे रही है। जून में अखिलेश यादव के इस्तीफे से खाली हुई आजमगढ़ और आजम खां के इस्तीफे से खाली हुई रामपुर संसदीय सीट पर सपा उम्मीदवारों को पटखनी देकर बीजेपी ने एतिहासिक जीत हासिल की। इसके बाद 3 नवम्बर को गोला गोकर्णनाथ विधानसभा सीट के चुनाव में भी सपा को बीजेपी के हाथों करारी हार मिली। विधानसभा चुनाव के बाद सपा गठबंधन के कई साथी अखिलेश का साथ छोड़ गए हैं। यूपी की राजनीति में अखिलेश और समाजवादी पार्टी इस वक्त सबसे मुश्किल दौर से गुजर रही है। खासकर पार्टी संस्थापक मुलायम सिंह यादव के निधन के बाद सबकी नजरें अखिलेश पर हैं कि वह इन चुनौतियों का मुकाबला कैसे करते हैं। मैनपुरी लोकसभा और रामपुर विधानसभा सीट पर 5 दिसम्बर को होने जा रहे उपचुनाव के लिए उनका उठाया एक-एक कदम पार्टी के लिए बेहद महत्वपूर्ण होगा क्योंकि इन दो सीटों को यदि सपा ने गंवा दिया तो इसका 2024 के लोकसभा चुनाव को लेकर उसकी उम्मीदों और भविष्य की राजनीति पर भी बड़ा



असर पड़ सकता है। मुलायम सिंह यादव ने मैनपुरी की सियासत में 33 साल तक अपना जबरदस्त प्रभाव बनाए रखा था।1989 में जनता दल के टिकट पर मुलायम सिंह यादव ने अपने शिक्षक गुरू उदयप्रताप सिंह यादव को प्रत्याशी बनाया तो कांग्रेस से नाखुश मैनपुरी की जनता ने उदयप्रताप को भारी बहुमत से चुनाव जिताकर दिल्ली की सत्ता का हिस्सेदार बना दिया। 9वीं लोकसभा के लिए 1989 में हुए चुनाव में माहौल बदल गया था। 1984 में बलराम सिंह ने यहां कांग्रेस की टिकट पर चुनाव जीता था। लेकिन 89 के चुनाव में कांग्रेस हाशिए पर आ गई। मुलायम समर्थित जनता दल ने यहां कांग्रेस प्रत्याशी केसी यादव से मुकाबला करने के लिए उदयप्रताप यादव को उम्मीदवार घोषित किया। मैनपुरी लोकसभा क्षेत्र में तब फिरोजाबाद क्षेत्र की जसराना विधानसभा भी शामिल थी। जसराना, करहल विधानसभा क्षेत्रों से मिली बहुत बड़ी बढ़त का लाभ उदयप्रताप को मिला और वे 53.53 फीसदी वोट हासिल कर दिल्ली पहंच गए। उदयप्रताप ने कांग्रेस के केसी यादव को हराया। केसी को महज 34.07 फीसदी मत हासिल हुए। जबकि 84 के चुनाव में कांग्रेस के बलराम ने इसी मैनपुरी में 50.09 फीसदी वोट हासिल किए थे।

**केंद्रीय मंत्री बलराम का तिलिस्म मैनपुरी की जनता ने तोड़ा**-1984 में हुए लोकसभा चुनाव में फतह हासिल करने वाली कांग्रेस 1989 के चुनाव में जनता की उम्मीदों पर खरी नहीं उतर सकी। इस चुनाव में मुद्दे वही पुराने थे। 84 में जीत हासिल कर केंद्र में मंत्री बने बलराम सिंह यादव मैनपुरी के विकास के लिए कुछ खास नहीं कर सके। यही वजह रही कि 1989 में हुए आम लोकसभा चुनाव में जनता ने कांग्रेस को नकार दिया। बलराम सिंह यादव तो इस चुनाव में नहीं लड़े लेकिन कांग्रेस ने उनके स्थान पर केसी यादव को उम्मीदवार बनाया। केसी जनता की उम्मीदों पर खरे नहीं उतर सके और मुलायम के उम्मीदवार उदयप्रताप ने उन्हें करारी शिकस्त देकर 84 की हार का बदला भी चुका लिया।

## मुलायम की प्रतिष्ठा को जनता का मिला भरोसा

9वीं लोकसभा के लिए हुए चुनाव में उदयप्रताप और केसी यादव के बीच ही मुकाबला नहीं था बल्कि मुलायम सिंह यादव और कांग्रेस के बीच मुकाबला लड़ा गया। मुलायम 84 में मिली हार से व्यथित थे और उनका सारा जोर मैनपुरी लोकसभा सीट हासिल करने पर था। उन्होंने अपने खास उदयप्रताप को इसीलिए मैनपुरी से उम्मीदवार भी बनाया। इस चुनाव में मुलायम ने चुनाव प्रचार के दौरान जनता के बीच अपनी प्रतिष्ठा लगी होने का प्रचार किया। जनता ने मुलायम को निराश नहीं किया और 84 में मिली हार को 89 में जीत में बदल दिया।

## कांग्रेस प्रत्याशी के गांव में जमकर चली गोली

मैनपुरी में 1984 में हुए रक्तरंजित चुनाव का असर 1989 में हुए लोकसभा चुनाव में भी रहा। कांग्रेस उम्मीदवार केसी यादव के गांव रठेरा में मतदान के दिन जमकर फायरिंग हुई। यहां चुनाव ड्यूटी कर रहे एक सिपाही और जनता दल के चुनावी एजेंट को गोली लगी थी। जिसमें दोनों घायल हुए थे। इसके अलावा जिले के अन्य स्थानों पर भी बूथ लूटने, फायरिंग होने और दोनों दलों के समर्थकों के बीच खूनी मारपीट की दर्जनों घटनाएं सामने आईं।

## 89 के चुनाव में घट गया वोटों का प्रतिशत

मैनपुरी में 9वीं लोकसभा के लिए 1989 में हुए लोकसभा चुनाव में उदयप्रताप ने 53.53 फीसदी वोट हासिल कर रिकार्ड जरूर बनाया मगर पूरी लोकसभा में हुए मतदान का प्रतिशत 1984 में हुए चुनाव की अपेक्षा घट गया। 84 में जहां 61.53 फीसदी लोग वोट डालने पहुंचे वहीं 89 के चुनाव में 54.15 फीसदी लोगों ने ही बूथ पर जाकर मतदान किया। इसके पीछे कारण बताया गया कि मैनपुरी में लोग अपेक्षित विकास न होने से नाखुश थे। कांग्रेस से जिले के लोगों की उम्मीदें टूट गई थीं।

# बाल दिवस के मौके पर स्कूल परिसर के अंदर बच्चों से एवं उनके अभिभावकों से की अभद्रता

**अनिल कुशवाह प्रभारी**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-** खबर शिवपुरी जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ठर्रा रोड पर स्थित एक निजी विद्यालय किड्स गार्डन मैं आज जब सूर्या शर्मा पुत्र पुरुषोत्तकांत शर्मा निवासी हाथीखाना जिला शिवपुरी अपनी भाभी एवं भतीजे के साथ सिहनिवास के समीप स्थित किड्स गार्डन स्कूल पर अपनी भाभी के छोटी बहन की फीस के सम्बन्ध में बातचीत करने गया था जब स्कूल संचालक से फीस के सम्बन्ध में बातचीत ही कर रहा था तो स्कूल संचालक ने सूर्या ओर उसके साथ आई उसकी भाभी से उल्टा सीधा बोलना शुरू कर दिया था तथा उसकी भाभी की मौके पर ही समस्त स्टाफ के सामने जलील करना शुरू कर दिया। इस दौरान सूर्या के साथ उसका दो साल का भतीजा मौजूद था जिसके के साथ भी स्कूल स्टाफ द्वारा अभद्रता की गई सूर्या ने जब स्कूल संचालक के इस रवैये का विरोध किया तो स्कूल संचालक ने धक्कामुक्की करते हुए कॉलर पकड़ ली एवं मुझे धकियाते हुए परिसर से बाहर कर दिया और मुझे और मेरे परिवार को देख लेने की धमकी दे डाली। स्कूल संचालक की इस हरकत से मैं और मेरा परिवार दहशत में है, स्कूल जैसी पवित्र संस्था में स्कूल संचालक द्वारा छात्र एवं अभिभावकों से इस तरह का व्यवहार अनुचित है। स्कूल संचालक ने कहा कि जहां शिकायत करना है कर दो मेरा पुलिस प्रशासन कोई कुछ नहीं बिगा? पाएगा, मेरी तो ऊपर तक पहुंच है। पुलिस को तो मैं जेब में रखकर चलता हूं। स्कूल संचालक स्वयं को राजनैतिक पृष्ठभूमि का भी बता रहा था और कह रहा था सरकार में भी हमारे आदमी बैठे है तुम्हे जहा जाना है वहां चले जाओ शिकायत करने, यदि ज्याद नेतागिरी बताओगे तो शिवपुरी में रहने लायक नहीं छोड़ूंगा।पूरे मामले में स्कूल संचालक का कहना है की हमारे पास में आए सूर्या शर्मा और उसके भाभी के साथ में हमने बिल्कुल भी बदतमीजी नहीं करी उन्होंने फीस जमा

**खबर शिवपुरी जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ठर्रा रोड पर स्थित एक निजी विद्यालय किड्स गार्डन मैं आज जब सूर्या शर्मा पुत्र पुरुषोत्तकांत शर्मा निवासी हाथीखाना जिला शिवपुरी अपनी भाभी एवं भतीजे के साथ सिहनिवास के समीप स्थित किड्स गार्डन स्कूल पर अपनी भाभी के छोटी बहन की फीस के सम्बन्ध में बातचीत करने गया था जब स्कूल संचालक से फीस के सम्बन्ध में बातचीत ही कर रहा था तो स्कूल संचालक ने सूर्या ओर उसके साथ आई उसकी भाभी से उल्टा सीधा बोलना शुरू कर दिया था**

नहीं की है और बार-बार कह रहे थे कि बस स्कूल बस की फीस हम जमा कर चुके हैं और हमारी बच्ची बस से नहीं आती जब की बच्ची का कहना है कि मैं बस से ही आती हूं स्कूल की स्कूल की तरफ से किसी के साथ कोई अभद्रता नहीं की गई है उल्टा वह स्कूल परिसर में मां बहन की गाली बक रहे थे और बोल रहे थे कि हम पत्रकार फैमिली से हैं और आप हमें जानते नहीं हो इसलिए गार्ड ने उनको बाहर निकाल दिया

स्कूल संचालक
शिव कुमार गौतम

स्कूल संचालक के द्वारा फोन पर जानकारी दी गई कि उनके स्कूल में कोई अभद्रता कर रहा है जिस पर हमने वहां पर पुलिस पहुंचाई थी और थाना परिसर में आकर सूर्य शर्मा नाम के व्यक्ति ने एक आवेदन स्कूल संचालक के विरोध में दिया है और वीडियो दिखाने की बात कर रहा है दोनों की जांच करके आगे कार्यवाही की जाएगी

**कोतवाली थाना प्रभारी**
**अमित भदौरिया**

# जिले की करियर क्रिएटर कोचिंग सेन्टर से कई छात्र चयनित आर,एस रजक



**भिण्ड-** स्स्ष्ट कांस्टेबल एवं मध्यप्रदेश पुलिस परीक्षा परिणाम में जिले के गिर्राज होटल में संचालित करियर क्रिएटर कोचिंग से कई विद्यार्थियों का चयन हुआ हैं इसमें प्रियंका तोमर, ने 4ह्लद्ध रैंक हासिल की कोचिंग की ओर से परीक्षा में चयनित विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया संस्थान के संचालक सुनील लखेरे से इन विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की इस दौरान सुशील लखेरे,अभिषेक शर्मा, रवि कनैरिया, काँचिग टीम सहित सैकडो छात्र छात्राऐं मोजूद रहीं

# बाल दिवस के अवसर पर स्कूलों में वृद्धि बूस्टर मेले का आयोजन

**अनिल कुशवाह प्रभारी**
**पुष्पांजलि टुडे**




**शिवपुरी**-खबर शिवपुरी के बाल दिवस के उपलक्ष में बुद्धि बूस्टर द्वारा बाल मेला आयोजित किया गया जिसमें सभी बच्चों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया यह बाल मेला बुद्धि बूस्टर प्ले स्कूल में 13 नवंबर रविवार को आयोजित किया गया। इस बाल मेला में बच्चों ने खाने पीने की स्टाल के साथ-साथ गेम्स की भी स्टॉल लगाई। बच्चों के अभिभावकों और रिश्तेदारों ने मेले में पहुंचकर सभी व्यंजनों का लुफ्त उठाया और बच्चों का उत्साहवर्धन किया। इस बाल मेले का उद्देश्य बच्चों को व्यवसायिक ज्ञान देने के साथ-साथ उनका आत्मविश्वास बढ़ाना था। इस गतिविधि में भाग लेने वाले सभी बच्चों ने बहुत उत्साह से भाग लिया। बुद्धि बूस्टर प्ले स्कूल की प्रिंसिपल रोशनी गुप्ता ने बताया इस बाल मेले के दौरान दो प्रतियोगिता भी रखी गई थी जिसमें बच्चों को पुरस्कृत कर उनका उत्साह बढ़ाया गया। इस प्रतियोगिता में जर्नलिस्ट नीतू जैन और जेसीआई जोन डायरेक्टर प्रियंका शिवहरे को जजमेंट के लिए आमंत्रित किया गया। जिसमें शिवाय सोनी और अयाशं कोठारी को बेस्ट डेकोरेशन और बेस्ट सेलिंग स्टॉल अवार्ड के लिए पुरस्कृत किया गया। और शिवान्या गुप्ता क्रियान्वी जैन और प्रणवी सिंघल को बेस्ट हाइजीन स्टॉल अवार्ड के लिए पुरस्कृत किया गया। बुद्धि बूस्टर प्ले स्कूल इस तरीके की गतिविधियां समय-समय पर करता रहता है जिससे बुद्धि बूस्टर प्ले स्कूल के बच्चे हर प्रकार की शिक्षा प्राप्त कर सकें।

# ग्राम जुंगीपुर के मिडिल स्कूल में जाकर के बच्चों को अनुशासन ,टाइम मैनेजमेंट एवं शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद की जानकारी दी



**पत्रकार राकेश परिहार पिछोर**

**पिछोर,** भविष्य में अपना टारगेट निश्चित करने के लिए उनको बताया कि आप अभी से निश्चित करेंगे कि आप वकील बनना चाहते हैं या पुलिस ऑफिसर बनना चाहते या डॉक्टर ,इंजीनियर या संगीत या कला के क्षेत्र में जाना चाहते हैं यह बातें उनको अभी तक किसी शिक्षक ने नहीं बताई थी वह बच्चे भी अचंभित थे कि आज पुलिस ने हम लोगों का मार्गदर्शन किया है बच्चों को यह भी बताया गया कि आप अपने परिवार के सदस्यों को बताएं कि हेलमेट



अवश्य लगाएं जिससे एक्सीडेंट में आपकी जीवन की रक्षा होगी एवं अपने परिवार के सभी सदस्यों को यह भी बताए कि अपना ड्राइविंग लाइसेंस अवश्य बनवाएं व वाहन का बीमा कराएं इसके अलावा अपने परिवार के सदस्यों को लड़ाई झगड़ा से दूर रखें व अपराध के दुष्परिणाम को बताया गया । बच्चों को यह भी बताया कि आपको कोई लालच दे या चॉकलेट जैसी कोई वस्तु दे तो अनजान व्यक्ति के साथ नहीं जाना है एवं किसी अनजान वस्तु को भी नहीं उठाना है। अपराधी व्यक्ति से सावधान रहना है। बच्चों ने पूरी बात ध्यान देकर सुनी और ऐसी संभावनाएं की यह बच्चे आगे चलकर के अवश्य हर क्षेत्र में आगे बढ़ेंगे। इस दौरान विद्यालय के शिक्षक भी उपस्थित रहे।

# श्री हैहयवंशी क्षत्रिय कलचुरी समाज का युवक युवती परिचय सम्मेलन सम्पन्न

**अनिल कुशवाह प्रभारी**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**-खबर कोतवाली थाना क्षेत्र से है जहाँ पर समाज का युवक युवती परिचय सम्मेलन सम्पन्न हुआ परिचय समेलनन मैं देशभर से पधारे विशिष्ठ एवं मुख्य अतिथियों के सानिध्य में संपन्न हुआ, सभी जोड़ो का आपस में परिचय करवाया गया, साथ ही युवक युवती परिचय सम्मेलन की पत्रिका का विमोचन भोपाल से पधारीं महापौर श्रीमती मालती राय जी के कर कमलों से हुआ। संयुक्त रूप से कार्यक्रम अध्यक्ष अतिथियों का शॉल श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया स्थानीय एसडीएम साहब श्री गणेश जयसवाल जी द्वारा संगठन मंत्री श्री राधेश्याम शिवहरे जी, युवा उपाध्यक्ष श्री प्रभांशु (शेरा)




जिला मंत्री श्री भरत शिवहरे जी, शिवहरे जी, जिला मंत्री श्री दशरथ शिवहरे जी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया समाज द्वारा उन सभी कार्यकर्ताओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया जिन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए तन मन धन से सहयोग किया यह बात सत्य की सामाजिक कार्यक्रम की सफलता हेतु चाहे वह कोई भी कार्यक्रम हो सामूहिक टीमवर्क की आवश्यकता होती है समाज हित में युवा युक्तियों का परिचय सम्मेलन में अपना समय व धन लगाया परिचय सम्मेलन को सफल बनाने में रात दिन जुटे रहे कलचुरी समाज ऐसे कार्यकर्ताओं की भूरी भूरी प्रशंसा करता है आगे भी सभी समाज भाई बंधु समाज हित के लिए इसी तरह के कार्यक्रम करते रहेंगे

# कांग्रेस पार्षदों ने निकाली सीएमओ को भैंस अवतार देकर बीन बजाते हुए निकाली रैली



**अनिल कुशवाह प्रभारी**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-** खबर कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाली नगर पालिका शिवपुरी से है जहां पर कांग्रेस पार्षदों का रोज की तरह आज भी नगर पालिका सीएमओ शैलेश अवस्थी के खिलाफ प्रदर्शन जारी रहा पिछले 3 दिनों से कांग्रेसी पार्षद जहां अपने-अपने वार्डों में झाड़ू लगाकर सीएमओ शैलेश अवस्थी के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे थे वही आज शिवपुरी नगर पालिका के कांग्रेसी पार्षदों ने सीएमओ साहब को एक और संज्ञा देते हुए भैंस के साथ बीन बजाते हुए रैली निकाली कांग्रेस पार्षदों का कहना है कि जब से पार्षद बने हैं आज तक सीएमओ साहब ने हमारी एक भी फाइल सैनसन नहीं होने दी सीएमओ साहब को बार-बार बताया जा रहा है की हमारे बालों में किस-किस प्रकार की कमी है ना तो बालों में सफाई होती है ना ही खंभों पर लाइट जल रही है नाही वार्ड वासियों के लिए पीने का पानी मिल रहा है इसके विरोध में कांग्रेसी पार्षद लगातार सीएमओ को घेरने की कोशिश कर रहे हैं लेकिन सीएमओ साहब ने अभी तक इसके बारे में कोई भी समाधान पूर्वक जवाब नहीं दिया गया है सीएमओ नगरपालिका अपनी ही मर्जी के मालिक हैं ना तो वह सही समय पर नगर पालिका मैं अपने चेंबर में बैठते हैं और ना ही सही प्रकार से कार्य करते हैं जबसे नगर पालिका सीएमओ शैलेश अवस्थी ने पदभार ग्रहण किया है तब से उन्होंने अपनी कोठी पर ही ऑफिस कॉल रखा है सभी ऑफिस के कर्मचारी जिनको फाइल साइन करानी होती हैं वह नगरपालिका छोड़कर साहब की कोठी पर जाते हैं और साइन करा कर लाते हैं ऐसा नहीं है कि साहब उन फाइलों को देखकर साइन कर देते हैं उसके लिए आधा-आधा एक-एक दो-दो घंटे अधिकारियों को और कर्मचारियों को कोटि के बाहर बैठना पड़ता है जब सीएमओ साहब अपने अन्य कामों से फ्री मैं होते हैं तब कहीं जाकर कर्मचारियों की बात सुनते हैं कर्मचारियों में महिला कर्मचारी भी हैं जो सीएमओ के घर जाकर फाइल साइन कराती है कांग्रेस पार्षदों के इस भरोसे अन्य पार्षद भी उनके साथ है लेकिन सत्ताधारी पार्षद होने के कारण मैं खुलकर विरोध नहीं कर पाते जबकि हर पार्षद सीएम के खिलाफ है लेकिन वह अपनी मर्यादित सीमाओं में बंधे हुए हैं

## बाल दिवस के मौके पर आज शिवलोक पब्लिक हाई स्कूल में फीता काटकर किया शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष कविता विकास पाठक एवं आरती त्रिपाठी ने

**जगदीश पाल रिपोर्टर खनियाधाना**



**पिछोर,** आज बाल दिवस के अवसर पर शिवलोक पब्लिक हाई स्कूल नगर परिषद पिछोर में नगर पालिका अध्यक्ष कविता विकास पाठक व महिला मोर्चा कोषाध्यक्ष आरती त्रिपाठी ने शिवलोक पब्लिक हाई स्कूल पर जाकर शिवलोक पब्लिक स्कूल का किया फीता काटकर उद्घाटन इसी अवसर पर नगर परिषद के गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे बाल दिवस के अवसर पर बच्चों को शिक्षा के ऊपर जानकारियां दी गई एवं बच्चों के लिए शुभकामनाएं दी नगर पालिका अध्यक्ष कविता विकास पाठक एवं महिला मोर्चा कोषाध्यक्ष आरती त्रिपाठी ने बाल दिवस के शुभ अवसर पर शिवलोक पब्लिक हाई स्कूल में पहुंचकर शिवलोक पब्लिक हाई स्कूल का किया शुभारंभ जिसमें समस्त महिलाएं एवं नगर के वरिष्ठ लोग कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित रहे

## चोरी के मामलों मैं बिभिन्न अपराधों मे चोरी गया 191000 रु. का माल बरामद कर दो आरोपियो को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**अनिल कुशवाह प्रभारी**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-** पुलिस अधीक्षक महोदय शिवपुरी श्री राजेश सिंह चंदेल द्वारा अवैध रुप चोरी / लूट के अपराधो मे गये मशरुका को बरामद करने हेतु निर्देशित किया गया था उक्त आदेश के पालन मे श्रीमान अति. पुलिस अधीक्षक महोदय



जिला शिवपुरी श्री प्रवीण कुमार भूरिया के निर्देशन में एस.डी.ओ.पी महोदय पिछोर श्री दीपक तोमर के मार्गदर्शन में चोरी लूट के अपराधो के मशरूका को बरामद करने के निर्देश दिये गये दिनांक 13.11.2022 को निरी. तिमेश छारी थाना प्रभारी थाना खनियाधाना को मुखविर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि पिछोर रोड़ पर दो व्यक्ति चोरी की मोटर साइकिल बेचने के उद्देश्य से खड़े है, उक्त सूचना पर से थाना प्रभारी खनियांधाना द्वारा सूचना से वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित कर पुलिस टीम को मुखबिर द्वारा बताये स्थान पर रबाना किया । पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंच कर मुखबिर के बताये हुलिये के दो व्यक्ति मिले जो पुलिस को देख भागने का प्रयास करने लगे, हमराह फोर्स की मदद से दोनों को पकड़ कर पूछताछ की गई जो निवासी खनियाधाना के होना बताया उनके कब्जे से एक स्पेण्डर प्लस मोटर साइकिल कीमती 70,000 रुपये, पानी की पांच विद्युत मोटरे कीमती 75,000 रुपये चार बैटरिया कीमती 46,000 रुपये की प्रथक प्रथक अपराधो की विधिवत जप्त की गई । आरोपीयों के कब्जे से कुल 1,91,000 रुपये का चोरी गया मशरूका बरामद कर आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है । उक्त कार्यवाही मे निरीक्षक तिमेश कुमार छारी मय उनि रणवीर सिह चौहान , उनि के.पी शर्मा मय सउनि जगदीश पारासर , प्र.आर. 324 राजकुमार सेगर, आर. 363 जयवीर ,आर.211 लालसिह , आर. 621 बनवारी भिलाला , आर. 408 धर्मेन्द्र सिह की महत्वपूर्ण भूमिका रही ।



# छोटे-छोटे ग्रामों में बड़ी-बड़ी सौगात दे रहे है विधायक प्रदीप जायसवाल



## बोटेझरी अम्रतटोला, तुमाडी, चंगेरा आदि ग्रामो के कार्यक्रमो मे हुये शामिल

**दैनिक हिंदुस्तान प्रगति समाचार**

**वारासिवनी।** ग्रम उत्सव की परपंरा मे विधायक प्रदीप जायसवाल अध्यक्ष खनिज विकास निगम ने गत रात्रि मे बोटेझरी अम्रतटोला,तुमाडी,चंगेरा आदि ग्रमो मे सडक, पुल, सभामंच, बिजली के पोल, हेडपंप, तालाबो की मरम्मत जैसे अनेको विषयो मे नयी कार्ययोजना की विस्तार से जानकारी दी। साथ ही ग्रमीण जनप्रतिनिधियो व ग्रमीणजनो से विस्तार से चर्चा कर प्राथमिकता के साथ कार्य प्रारंभ करने की रणनीति भी बनाई।

नकारात्मक राजनिती से परहेज-ग्रम उत्सव के प्रतिदिन के कार्यक्रम मे विशेष रूप से मंडई व मेले के महत्तव को बताकर उससे एक नई उर्जा व उस उर्जा से पुन समाज व परिवार के विकास की नयी पहल की बात विधायक श्री जायसवाल के द्वारा प्रत्येक ग्रम मे की जा रही है। इसी के साथ दीपावली, ग्यारस व कार्तिक पूर्णिमा की शुभकामनाये देकर ग्रमीणो से उनके ग्रमो की आवश्यकता को लेकर भी चर्चा की जा रही है। सबसे अच्छी बात क्षेत्र मे चल रही नकारात्मक राजनिती से परहेज करते हुये सिर्फ विकास कार्यो की बात कर सभी को प्रभावित भी कर रहे है।

तय हो गया, वारा के रेल्वे क्रासिंग पर फलाई ओवर का बनना-बोटेझरी के अम्रत टोला मे गुडडा भैया का जनता ने गर्मजोशी से स्वागत इस आशय से किया कि सिर्फ आप ही हो अपने। एक विषय के लोकार्पण के लिये जनता और भैया के कदम एक साथ बढते देखे गये,वो भी रैली के रूप मे। विचारो की प्रस्तुति मे गुडडा भैया ने साफ कहा की,लेकिन, किंतू, परंतू, हो जायेगा, हम झूठ नही बोल रहे जैसे शब्द हमारे पास नही है जो वादा करते है उसे पुरा करते



ही है। हमने जो वादा किया था वह आज पूर्णत सच साबित हो रहा है कि वारासिवनी मे वारा मे रेल्वे क्रासिंग मे फलाई ओवर बनने की समस्त प्रक्रिया पुरी तरह स्पष्ट हो गयी है। बोदलकसा से खापा से भी पहले हम रमरमा से पेंदीटोला पक्की सडक का एक सप्ताह के भीतर भूमीपूजन करके हर हर महादेव के जयकारे लगाने जा रहे है। कार्यक्रम मे विशेष रूप से भीम वासनिक, योगेश बोपचे सरपंच,गणेश वादिवा उपसरपंच, संदीप कुर्वे इमरान अली, शरद ठाकरे, मोहित चौधरी, दादूराम राणा, अनिश मिश्रा सेक्टर प्रभारी आदि भी मंचासीन रहे।

'गायत्री मंदिर से वारा तक बनने जा रही है बायपास सड़क-ग्राम उत्सव के दौर मे तुमाडी मे देवी जागरण मे एक और अच्छी खबर गुडडा भैया ने सबको देकर प्रसन्नचित कर दिया। गायत्री मंदिर से वारा तक की बायपास सडक लागत 150 लाख रूपये का भूमीपूजन हम करने जा रहे है। इसी के साथ तुमाडी से कायदी तक की सडक भी हमारी कार्ययोजना मे शामिल हो गयी है। कार्यक्रम का शानदार द्रश्य उस समय नजर आया जब तीन जवानो ने एक साथ भैया का स्वागत कर देशभक्ति के नजारो को प्रस्तुत कर दिया। कार्यक्रम मे विशेष रूप से सर्वश्री संतोष मदनकर कार्यक्रम अध्यक्ष, व्यकेंश कुम्हडे, गगन बिसेन, संदीप परते, आकाश सोनवाने, विशाल भालाधरे,संतोष बिसेन, मदन आडे आदि मंचासीन रहे। देवी जागरण मे मुख्य गायिका ममता सत्यर्थी की भजनो की प्रस्तुति ने सभी को प्रभावित भी किया।

**हम, फिर आ रहे है, छोटे बडे विकास कार्यो को लेकर**-हम, फिर आ रहे है, छोटे बडे विकास कार्यो को लेकर,यह खबर, गुडडा भैया ने जैसे ही चंगेरा के दूययम शायरी के कार्यक्रम मे जनमानस को दी तो रात्रि के तीन बजे भी तालियो के शोर देर समय तक गुजांयमान होते रहे। सिर्फ एक वोट की ताकत को जब भैया ने ग्रामीणजनो को एहसास कराया तो जनमानस ने भी वादा किया कि पहले, अभी और आगे भी हमारा निर्णय यही रहेगा, हम बदलने वालो मे से नही है। कार्यक्रम मे विशेष रूप से गौस अली पटेल सरपंच, शकील खान, अजय वाहने, भगत बिसेन, ठानेन्द्र टेंभरे, पुरूषोत्तम बघेले, प्रहलाद मेश्राम, एहसान खान, शिवचरण कावरे, सुनील हेडाउ, चमन भालाधरे, संतोष आडे, मनोज दांदरे नपा अध्यक्ष प्रतिनिधी, धर्मु जोशी पार्षद, अनिश मिश्रा आदि भी मंचासीन रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

**श्योपुर ब्यूरो।** देहात थाना क्षेत्र के खिरनी गांव में सोमवार को एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों के बीच मौत हो गई। मृतक के परिजनों का आरोप है कि दशरथ की मौत उसके ससुरालियों के द्वारा की गई मारपीट के चलते हुई है। परिजनों के आरोप के बाद देहात थाना पुलिस ने जिला अस्पताल पहुंचकर मृतक का पीएम कराया और मर्ग दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार खिरनी निवासी दशरथ पुत्र मांगीलाल माली की सोमवार को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक के शव को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे स्वजनों नें हंगामा किया और आरोप लगाया कि दशरथ का उसकी पत्नी से विवाद हो गया था, इस पर पत्नी ने पांडोला निवासी मायके पक्ष के लोगों को सूचना देकर बुलवा लिया, मायके पक्ष के लोगों ने खिरनी पहुंचकर दशरथ की मारपीट कर दी,जिससे दशरथ की मौत हो गई। जबकि मायके पक्ष के लोग मारपीट से मौत होने की बात से इंकार करते हुए बता रहे है कि दशरथ की मौत फांसी लगाए जाने के चलते हुई है। देहात थाना इंचार्ज रीना सिंह का कहना है कि मामला संदिग्ध है,अभी पीएम कराकर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया और मर्ग दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## शिवपुरी में दो सड़क हादसों में 4 लोगों की मौत

शहर में एसपी बंगला के सामने बाइक और लोडिंग वाहन की भीषण भिड़ंत हो गई. इस हादसे में बाइक चालक की जान चली गई. लोडिंग चालक दुर्घटना के बाद मौके से वाहन को छोड़ कर फरार हो गया. हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची सिटी कोतवाली पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल पहुचाया. यहां डॉक्टर ने घायल को मृत घोषित कर दिया. पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है. शराब के नशे में था चालक- जानकारी के अनुसार कपिल शर्मा (35) दामोदर प्रसाद शर्मा निवासी सेवड़ा थाना सुभाषपुरा का रहने वाला था. अपने बच्चो को पड़ाने के लिए शिवपुरी शहर की गांधी कॉलोनी में रहता था.

## भाजयुमो के दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग में सम्मिलित हुए युवा नेता पाठक एवं खंडेलवाल

**दैनिक हिंदुस्तान प्रगति समाचार भिंड**
**ब्यूरो चीफ दिनेश उर्फ डीके श्रीवास**



**भिंड।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के दो दिवसीय प्रदेश प्रशिक्षण वर्ग सिवनी जिले में संपन्न हुआ। इस प्रशिक्षण वर्ग में अंचल के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अतुल रमेश पाठक एवं लवी प्रकाश खंडेलवाल सम्मिलित हुए। पाठक एवं खंडेलवाल ने बताया कि इस प्रशिक्षण वर्ग में राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा , युवा मोर्चा प्रभारी कविता पाटीदार,युवा मोर्चा राष्ट्रीय महामंत्री रोहित चहल, युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष वैभव पवार सहित कई नेताओं का मार्गदर्शन मिला। पाठक एवं खंडेलवाल ने बताया कि इस प्रशिक्षण वर्ग में वरिष्ठ नेतृत्व के द्वारा संगठन में किस तरीके से कार्य किया जाता है, यह बताया गया और 2023 के चुनावी साल में युवा मोर्चा के पदाधिकारी किस तरह से कार्य करेंगे, यह बताया गया, क्योंकि युवा मोर्चा भारतीय जनता पार्टी की हड्डी के समान है।

## श्लोक वाचन में सबलगड़ की कीर्ति को मिला राज्य में द्वितीय पुरुस्कार

**दैनिक हिन्दुस्तान प्रगति**
**संवाददाता - अरविंद सगर**



**सबलगड़** - 21 वे राज्यस्तरीय कालिदास समारोह 2022 प्रतियोगिता में श्लोक वाचन कनिष्ठ वर्ग में सीएमराइज विद्यालय सबलगड़ की कक्षा 08 की छात्रा कीर्ति जादौन पुत्री धुरंध जादौन ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया है,प्रभारी शिक्षक हितेंद्र शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि कालिदास समारोह 2022 की प्रतियोगिता विकासखण्ड स्तर पर फिर जिला स्तर पर फिर संभाग स्तर और अंत में राज्य स्तर पर उज्जैन में आयोजित हुई प्रतियोगिता के संभाग स्तर में विजयी होकर हमारे विद्यालय की कक्षा 9वी की छात्रा ज्योतिस्ना शर्मा ने चित्रांकन में व कक्षा 8 की छात्रा कीर्ति जादौन ने श्लोक वाचन में दिनाँक 4 व 5 नवम्बर को होने वाली राज्यस्तरीय प्रतियोगिता उज्जैन में भाग लिया जिसमें कीर्ति ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया है उसकी इस उपलब्धि पर उनके परिवारजनों व सीएमराइज विद्यालय स्टाफ ने उन्हें शुभकामनाएं व बधाई दी हैं।

## विधिक साक्षरता एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार उमेश कुमार शर्मा प्रथम जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति सबलगढ़ के मार्गदर्शन में विधिक जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से नागरिकों की सशक्तिकरण अभियान के अंतर्गत ग्राम रामपहाड़ी में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित प्रदीप परिहार न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी के द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीण जनों को घरेलू हिंसा, दहेज प्रथा, समानता का अधिकार संबंधी कानूनों की जानकारी प्रदान कर



जागरूक किया गया। उक्त कार्यक्रम में नायब तहसीलदार प्रदीप कैन एवं सुषमा शर्मा प्रभारी अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग उपस्थित रहे।

## भिण्ड पुलिस द्वारा थाना गोहद में हत्या सहित डकैती डालने वाले 25 हजार के ईनामी मुख्य आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**दैनिक हिंदुस्तान प्रगति समाचार भिंड**
**ब्यूरो चीफ दिनेश उर्फ डी के श्रीवास**

**भिंड।** फरियादी रामकुमार स्वश्बालकिशन गोयल उम्र 70 साल निवासी बार्ड क0 11 पोस्ट ऑफिस के सामने गोहद ने रिपोर्ट की कि आज दिनांक 14.08.22 को शाम 04.30 बजे का समय होगा कि मै व मेरी बच्ची रिंकी गोयल उम्र 28 साल के साथ घर पर था उसी समय तीन अज्ञात व्यक्ति आये जिसमें एक की उम्र करीब 30-35 साल, दूसरा व तीसरा व्यक्ति पुलिस जैसी गैस लगाये हुये थे जिनकी उम्र करीब 40-45 साल के बीच की होगी ड्रेस व मास्क लगाये बदमाश ने कहा कि लड़का लकी कहाँ है उसका एक साथी पकड़ गया है उस पर हथियार पकड़ा गया है तथा लकी पर हथियार होना बताये है। मुझ से चाबी माँगी मैने चाबी नही दी मुझसे स्वयं ही सभी ताले अलमारी, वक्सा, तिजौरी खुलवायें चारों तरफ देखते रहे। फिर मुझे अन्दर कमरे मे लेकर गये मेरे सामने मेरा सभी सोने, चाँदी का जेवर इकट्ठा किया और नगदी भी एक प्लास्टिक की बोरी मे भरकर ले जाने लगे तो लडकी रिंकी गोयल ने जेवर व नगदी ले जाने से मना किया तो मेरी लड़की ने कहा यह लोग पापा पुलिस वाले नही है तो तीनो बदमाशो ने मुझे व लडकी रिंकी को पकड़ लिया एक बदमाश ने रिंकी के मुहँ से कपड़ा बांध दिया व एक ने मेरे कट्टा छाती से लगा दिया लड़की रिंकी के मुह में कपड़ा ठूस दिया और जेवर नगदो लेकर फरार हो गये बाद में लडकी रिंकी को अस्पताल ले जाने पर डाक्टर के द्वारा रिंकी को मृत घोषित कर दिया। जिस पर थाना गोहद का अपराध क0 269 / 22 धारा 394.302.34 भादवि कायम कर जांच में लिया गया था उक्त घटना के 04 आरोपियों को पूर्व मे ही गिर0 किया जा चुका है तथा बारदात में उपयोग की गई सफेद अपाची मोटरसायकल, 02लाख रुपये नगद एवं सोने-चाँदी के जेवरात पूर्व में ही उक्त आरोपियों से बरामद कर जब्त किये जा चुके है तथा घटना का मुख्य आरोपी योगेश वैसला पटना दिनांक से मय माल-मसरुका के साथ फरार चल रहा था। उक्त घटना की संवेदनशीलता को देखते हुये पुलिस अधीक्षक भिण्ड श्री शैलेन्द्र सिंह चौहान एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री कमलेश कुमार खरपूसे के निर्देशन में घटना के मुख्य फरार आरोपी की धरपकड एवं लूट गये माल-मसरुका की बरामदगी हेतु टीम गठित कर यथाशीघ्र आरोपी की गिर0 हेतु निर्देशित किया गया था।उक्त सम्बन्ध मे अनुविभागीय अधिकारी गोहद श्री सौरम कुमार के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी गोहद एवं सायबर सेल की टीम द्वारा आरोपी को धरपकड़ के लिये पलवल हरियाणा, नोयडा, दिल्ली, छतरपुर, सागर एवं टीकमगड़ सहित संभावित अलग-अलग स्थानों पर दबिश दी गयी परन्तु आरोपी द्वारा अपने पुराने किसी भी ठिकाने पर नही होना पाया गया, पुलिस द्वारा लगातार प्रयास किये जा रहे थे लेकिन आरोपी पुलिस के हाथ नही लग रहा था।उक्त आरोपी को मुखबिर सूचना के अनुसार लगातार तलाश करने पर व्यावरा बस स्टैण्ड, जिला राजगढ से गिरण किया गया। आरोपी योगेश बैसला अपना नाम पहचान बदलकर घटना के बाद से ही ब्यावरा में रह रहा था। आरोपी से घटना के माल-मसरुका आदि के सम्बन्ध मे विस्तृत पूछताछ की गयी तो आरोपी द्वारा घटना के बाद से ही लगातार ब्यावरा में एक मकान में अपनी पहचान बदलकर किराये से रहकर स्वयं को जेल पुलिस का सिपाही होने की असत्य जानकारी देकर लोगों को गुमराह करता रहा। आरोपी द्वारा डकैती सहित हत्या की



घटना के बाद ले जाया गये मसरुका के सम्बन्ध में बताया कि उसने सोने के जेवरात करीब 650 ग्राम सोना ए यू स्मॉल फाइनेश बैक, ब्यावरा मे रखकर अन्य व्यक्तियों के नाम से गोल्ड लोन लिया है जिससे मिले पैसों से एक स्फिट डिजायर कार, एक नई मोटरसायकिल, एक ई-स्कूटी और घर के उपयोग का लग्जरी सामान लिया गया है तथा कुछ पैसों से पुराना कर्जा भी आरोपी द्वारा चुकाया गया व कुछ पैसे आरोपी द्वारा रहने-खाने में खर्च किये गये है आरोपी को पुलिस रिमाण्ड पर लेकर पूछताछ जारी है। आरोपी शातिर प्रवृत्ति का है तथा आरोपी द्वारा गोहद क्षेत्र में घटना करने के 15 दिन पूर्व ही थाना रिफायनरी जिला मथुरा उश्प्रश से पुलिस अधिकारी बनकर एक फॉरच्यूनर कार की लूट की थी उक्त घटना मे भी आरोपी घटना के बाद से ही फरार चल रहा था आरोपी के विरुद्ध हरियाणा, नोएडा (एनसीआर) मथुरा (उ0प्र0) एवं ग्वालियर मे भी कई गम्भीर अपराध दर्ज है। उक्त आरोपी की गिर0 पर अति पुलिस महानिदेशक चम्बल जोन म0प्र0 द्वारा 25,000 /- रुपये का ईनाम घोषित किया गया था गिरफ्तार आरोपी योगेश वैसला पुत्र स्व0मानसिंह बैसला उम्र 32 साल स्थायी पता-लालगढ, पल्वल हरियाणा वर्तमान निवासी श्रीराम सिटी, भारत मार्केट, थाना महाराजपुरा जिला ग्वालियर।

बरामद मसरुका- 01. नगद 11 लाख 05 हजार 02. साने के जेवरात 250 ग्राम (कान की झुमकी 12 नग, कान की बाली 06 नग, पेन्डल 03 नग, अंगूठी मर्दानी 09 नग, अगूठी जनानी 15 नग, जंजीर 07 नग, छोटा पेन्डिल 01 नग, मंगलसूत्र के मोती 21 नग, नथनी 06 नग) 03. एक सफेद रंग की स्फिट डिजायर कार स्क्ष्39 ष्ट 4899 04. एक नई मोटर सायकिल स्पेन्डर काले रंग की 05. एक नई इलेक्टॉनिक स्कूटी नीले रंग की। 06. घर का सामान नया (एक एसी. एक ओटोमैटिक वाशिंग मशीन सैमसंग कम्पनी एक अलमारी स्टील की, एक बड़ा फीज सैमसंग कम्पनी, एक डबल बेड. एक डबल बैड गद्दा, एक काउच, एक सोफा सेट, किचिन का सामान वर्तन, गैस सिलेण्डर आदि 07. एक मोबाईल एन्डॉइड ओपो कम्पनी का कुल कीमती मसरुका करीब 35 लाख रुपये नोट-ए यू स्मॉल फाइनेश बैक, ब्यावरा में आरोपी द्वारा गिरवी रखवाये गये 650 ग्राम सोना कीमती-32 लाख 50 हजार रुपये को वैधानिक प्रक्रिया द्वारा बरामद किया जा रहा है। कुल बरामदगी 67 लाख 50 हजार रुपये करीब सराहनीय भूमिकाः थाना प्रभारी गोहद निरी0 राजेश सातनकर, थाना प्रभारी मिहोना निरी0 बरुण तिवारी, सायवर सेल टीम उ0नि0 दीपेन्द्र यादव, उ0नि0 शिवप्रताप राजावत, उ0नि0 वैभव तोमर, उ0नि0 मान सिंह सिसौदिया, सउनि सत्यवीर सिंह, प्रआर0 महेश कुमार, प्रआर0 प्रमोद पाराशर, प्रआर0 सतेन्द्र यादव, प्रआर0 अजय बघेल, प्रआर0 अजय कुमार, आर0 आनन्द दीक्षित, आर0 यतेन्द्र राजावत, आर0 राहुल यादव, आर0 हरपाल चौहान, आर0 मनोज शर्मा, आर0 धमेन्द्र सिंह, आर0 पदम सिंह एवं ब्यावरा देहात एवं ब्यावरा सिटी थाना पुलिस व प्रआर0 देवेन्द्र मीना की सराहनीय भूमिका रही है।

## बिजली समस्या को लेकर आज बंद रहेगा कराहल

**कराहल।** भारतीय किसन संघ द्वारा बिजली सहित विभिन्न समस्याओं को लेकर कराहल रहेगा। भारतीय किसान संघ ने जानकारी देते हुए बताया कि, क्षेत्र में बताया कि, कराहल तहसील पर निर्माणाधीन 132/33 केवी पावर ग्रिड स्ट्रेशन का काम तीन साल से चल रहा है, लेकिन काम अभी तक पूरा नहीं हुआ है। जिससे क्षेत्र में विद्युत का भयंकर संकट उत्पन्न हो रहा है, इसे तत्काल चालू करवाया जाए। इसके अलावा किसानों से जुड़ी समस्याओं को लेकर 9 नवंबर को कराहल कराया जाएगा। भारतीय किसान संघ ने सभी व्यापारियों, दुकानदार एवं किसान से भाइयों से सहयोग करने की अपील की है।